●वर्ष : 16 ●अंक : 164 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 02 अक्टूबर 2024

## महाराष्ट्र में आरक्षण को लेकर मराठा और ओबीसी कार्यकताओं के बीच मारपीट

### 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



नूना न्यूज एजेंसी

**पुणे।** महाराष्ट्र में आरक्षण की लड़ाई एक बार फिर तेज हो गई है। पुणे में ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हेक के साथ मराठा समुदाय के सदस्यों ने कथित तौर पर मारपीट की और मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात कोंढवा के पास हुए हमले के लिए 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में मराठा समुदाय के लोगों को हेक के खिलाफ विरोध करते हुए दिखाया गया है, जिसमें दावा किया गया है कि वह नशे में था और उसने उनमें से कुछ के साथ मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किया था। यानि एक दूसरे पर गाली-गलौच की है।

# हरियाणा चुनाव के बीच कांग्रेस प्रत्याशी को झटका

### हाईकोर्ट ने धर्म सिंह छौक्कर की गिरफ्तारी का दिया आदेश

नूना न्यूज एजेंसी

**हरियाणा।** विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के प्रत्याशी धर्म सिंह छौक्कर को बड़ा झटका लगा है. पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने समालखा से प्रत्याशी धर्म सिंह छौक्कर की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने धर्म सिंह छौक्कर के खिलाफ सुनवाई के दौरान कहा कि या तो कल तक वह खुद ही सरेंडर करें नहीं तो गिरफ्तारी होगी. दरअसल कांग्रेसी नेता एवं विधायक धर्म सिंह छौक्कर के गैर जमानती वारंट जारी होने पर भी कार्रवाई नहीं हुई है. आरोप है कि गैर जमानती वारंट के बावजूद विधानसभा चुनाव लड़ रहे छौक्कर खुलेआम प्रचार रहे हैं। यह मामला पानीपत के समालखा से खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले वीरेंद्र सिंह की तरफ से दायर याचिका के चलते हाई कोर्ट के समक्ष पहुंचा. जिस पर हाईकोर्ट के आदेश पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और हरियाणा सरकार को आज कोर्ट में जवाब देना था. जिसके बाद पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने समालखा से प्रत्याशी धर्म सिंह छौक्कर की गिरफ्तारी के दिए आदेश. बता दें कि छौक्कर और उनके बेटों पर धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय



## भ्रष्टाचारियों की ढाल बनी केंद्र और राज्यों की सरकारें

वादे हैं वादों क्या, भ्रष्टाचार को लेकर कुछ ऐसी ही हालत भारत की है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं। भाजपा गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को निशाने पर रखा था। सत्ता पक्ष और विपक्ष के भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे पर जबरदस्त प्रहार के बावजूद यह मुद्दा सुरसा के मुंह की तरह लगातार फैलता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार की इस गंगोत्री से कोई अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार का जड़ से खात्मा करना तो दूर बल्कि सत्तातंत्र भ्रष्टाचारियों की ढाल बन कर खड़ा है। इसमें कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं हैं। देश को खोखला करने वाले इस धीमे जहर को संरक्षण देने में केंद्र और राज्यों की सरकारों पीछे नहीं हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। सीबीआई के कामकाज पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक इनमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की सरकारों में अभियोजन स्वीकृति के 41 मामले शामिल हैं जिनमें 149 अधिकारी भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं। इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों में अभियोजन स्वीकृति के सबसे ज्यादा 75 मामले लंबित हैं जिनमें 197 भ्रष्ट अफसर-कार्मिक फंसें हैं। इनमें वित्तीय सेवा विभाग के 53 मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति लंबित है। वित्त मंत्रालय के बाद रक्षा, रेल, शिक्षा तथा कार्मिक मंत्रालयों में लंबित मामलों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामलों में सैकड़ों अफसरों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# राजनीतिक षड्यंत्र से परेशान मेरी पत्नी, प्लॉट किये वापस : कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया

### ›› ये है पूरा भूमि विवाद

बता दें कि कर्नाटक के मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) में विकास योजनाओं के दौरान खुद की जमीन खोने वाले लोगों के लिए सन 2009 में एक योजना लागू की गई थी. इस योजना के तहत जमीन खोने वाले लोगों को विकसित भूमि का 50 फीसद हिस्सा देने की बात की गई थी. इसी वजह से आगे चलकर यह योजना 50:50 के नाम से मशहूर हुई।



नूना न्यूज एजेंसी

**बेंगलुरु।** मुडा भूमि आवंटन में कथित घोटाले को लेकर बढ़ते विवाद के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि मेरी पत्नी ने भूमि वापस कर दी है. राजनीतिक षड़यंत्र के तहत मेरे परिवार को इस विवाद में घेरा गया. सिद्धारमैया ने एक?स पर लिखा, 'मेरी पत्नी पार्वती ने मैसूर में मुदा भूमि अधिग्रहण के बिना जब्त की गई भूमि के मुआवजे के रूप में दी गई भूमि वापस कर दी है...' वहीं, भाजपा इस मुद्दे को लेकर हमलावर है. बीजेपी का कहना है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए. जमीन घोटाला करना कांग्रेस का जन्मसिद्ध अधिकार बन चुका है।

### ›› सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती ने लौटाया प्लॉट

बता दें कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती ने सोमवार को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) को पत्र लिखकर उन्हें आवंटित 14 भूखंडों को वापस करने की पेशकश की है. पार्वती का पत्र मुडा भूमि आवंटन में कथित घोटाले को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आया है. उन्होंने पत्र में लिखा, 'मैं मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूखंडों को वापस करना चाहती हूं. मैं भूखंडों का कब्जा भी मैसूर शहरी विकास को वापस सौंप रही हूं. प्राधिकारी कृपया इस संबंध में यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठाएं।

### सिद्धारमैया बोले- राजनीतिक षड़यंत्र से परेशान मेरी पत्नी

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक्स पर लिखा, 'प्रदेश की जनता भी जानती है कि विपक्षी दलों ने मेरे खिलाफ राजनीतिक द्वेष पैदा करने के लिए झूठी शिकायत रची और मेरे परिवार को विवाद में घसीटा. मेरी स्थिति इस अन्याय के सामने झुके बिना लड़ने की थी. लेकिन मेरे खिलाफ चल रहे राजनीतिक षड़यंत्र से परेशान मेरी पत्नी ने ये प्लॉट वापस करने का फैसला लिया है, जिससे मैं भी हैरान हूं. मेरी पत्नी, जो मेरी चार दशक लंबी राजनीति में कभी भी हस्तक्षेप किए बिना अपने परिवार तक ही सीमित थी, मेरे खिलाफ नफरत की राजनीति का शिकार है और मनोवैज्ञानिक यातना झेल रही है... मुझे खेद है।

### ›› बीजेपी ने की सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग

इस घटनाक्रम पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि वास्तव में यह पत्र मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे का होना चाहिए. जांच से बचने के लिए यह पत्र लिखा गया है. जब कुछ गलत नहीं किया गया, तो भूखंडों को वापस क्यों किया जा रहा है. ये जगजाहिर है कि उन्होंने भ्रष्टाचार किया है. ईडी की कार्रवाई के बाद यह कदम उठाया गया है. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए. जमीन घोटाला करना कांग्रेस का जन्मसिद्ध अधिकार बन चुका है।

## बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को एससी से नहीं मिली जमानत

### ईडी से मांगा जवाब



नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** पैसे लेकर नौकरी देने से जुड़े मामले में बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ईडी से जवाब तलब किया। जस्टिस सूर्यकांत एवं जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह निर्देश दिया।

**ईडी ने किया था गिरफ्तार**

जुलाई, 2022 में ईडी ने पार्थ को पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) अध्यापक भर्ती घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने पूर्व में पार्थ के एक सहयोगी के घर से 21 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद की थी। इसी केस में ईडी द्वारा 21 जनवरी को गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता कुंतल घोष के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता की विशेष अदालत को उनकी जमानत याचिका पर जल्द फैसला करने का आदेश दिया है।

# दिल्ली में धारा 163 लगाए जाने पर भड़की (आप) सरकार





### बताया उपराज्यपाल का तुगलकी फरमान

नूना न्यूज एजेंसी

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को नवरात्रि उत्सव के दौरान दिल्ली पुलिस के निषेधाज्ञा आदेश की आलोचना की। सौरभ भारद्वाज ने इसे तुगलकी फरमान करार दिया और इसे तत्काल वापस लेने का आह्वान किया। सोमवार को जारी आदेश में सार्वजनिक व्यवस्था पर चिंताओं का हवाला देते हुए, छह दिनों के लिए दिल्ली के प्रमुख क्षेत्रों में पांच या अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगाता है। यह निर्देश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (सीआरपीसी की पिछली धारा 144 की जगह) के अंतर्गत आता है। इसी आदेश को लेकर आम आदमी पार्टी उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर हमलावर है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के लोगों को त्यौहार मनाने से रोकने के लिए एलजी ने तुगलकी आदेश दिया है। पूरी दिल्ली में एक मैसेज तेजी से फैल रहा है कि एलजी की दिल्ली पुलिस ने 5 लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी है। पूरी दिल्ली में दुर्गा पूजा की जाती है, राम लीला होती है, भंडारे लगाये जाते हैं। क्या एलजी हिंदुओं को उनके त्यौहार मनाने से रोकना चाहते हैं? मैं, एलजी को कहना चाहता हूँ कि ऐसा होने वाला नहीं है। दिल्ली सरकार के मंत्री ने कहा कि एलजी साहब भाजपा और कांग्रेस के नेताओं से छुप-छुपकर मिल रहे हैं। लेकिन वहीं जब दिल्ली के विधायक दिल्ली की बिगड़ी कानून व्यवस्था के विषय पर एलजी साहब से मिलना चाहते हैं तो उनके पास समय नहीं है। दिल्ली के गैंगस्टर अब तो भाजपा के नेताओं पर भी गोलियाँ चला रहे हैं। जहां पहले भाजपा वाले हर मुद्दे पर एलजी साहब को सुरक्षा देते थे, वही एलजी अब बीजेपी नेताओं की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में कर्फ़्यू लगाने का यह तुगलकी फरमान बेहद ही हास्यास्पद है। इस फरमान में कहा गया है कि हरियाणा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव और गांधी जयंती को लेकर कर्फ़्यू लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एलजी साहब वोट देने गुजरात जाते हैं, दिल्ली में तो वो पर्यटक की तरह आते हैं, घूमते हैं, चिट्ठी लिखते हैं और चले जाते हैं। एलजी साहब से दिल्ली नहीं संभल रही है, इन्होंने दिल्ली का बेड़ागर्क कर दिया है। दिल्ली में गैंगस्टर्स फिरौती माँग रहे हैं, लोगों पर गोलियां चला रहे हैं।

# मुस्लिम आबादी के बढ़ने से 2027 तक भाजपा को जाना होगा: सपा विधायक

नूना न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुस्लिम बाहुल्य जिला अमरोहा के समाजवादी पार्टी के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली ने बिजनौर में आयोजित एक कार्यक्रम में कड़वी हकीकत बयां करते हुए कहा कि मुसलमानों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे 2027 तक भाजपा राज खत्म हो जाएगा। उन्होंने आगाह किया कि जब 800 साल भारत पर राज करने वाले मुगल नहीं रहे तो भाजपा भी नहीं रह पाएगी। जनता जाग चुकी है। महबूब के बयान को पुलिस ने दो धर्मों के बीच वैमनस्य और घृणा फैलाने वाला मानते हुए सपा विधायक और बिजनौर के सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन पर मुकदमा दर्ज किया है। बिजनौर के चांदपुर क्षेत्र में सपा का संविधान मान सम्मान कार्यक्रम था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा के पूर्व मंत्री और अमरोहा विधायक महबूब अली ने शिरकत करते हुए भाजपा पर हमलावर रहे। मंच से बोलते हुए उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि 2027 में तुम जाओगे जरूर, हम आएंगे जरूर। उनका यह वीडियो वायरल होने के बाद दारोगा की ओर से शहर कोतवाली में विधायक महबूब अली और सपा के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के खिलाफ दो धर्मों के बीच वैमनस्य और घृणा फैलाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, सपा जिलाध्यक्ष पर आरोप है कि उनकी अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया है। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि अमरोहा विधायक और सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ धारा 196 (3) और 353 (2) के तहत शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वीडियो व अन्य साक्ष्य के आधार पर जांच की जा रही है। बता दें बीएनएस धारा 196(1) के तहत कोई व्यक्ति बोलकर, लिखकर, संकेतों या किसी भी अन्य तरीके से धर्म, जाति, भाषा, नस्ल या समुदाय के आधार पर असामंजस्य और घृणा को बढ़ावा देता है या बढ़ाने का प्रयास करता है। इस धारा में दोषी पाए जाने पर किसी तीन साल तक की कैद, जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। यह अपराध की गंभीरता पर निर्भर करता है।



# अगले चुनाव में नीतीश कुमार की होगी हार

### प्रशांत किशोर ने बता दिए तीन बड़े कारण



नूना न्यूज एजेंसी

**बिहार।** अपनी जन सुराज पार्टी के लॉन्च से पहले राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर लगातार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमलावर हैं। इतना ही नहीं, प्रशांत किशोर अगले चुनाव में नीतीश कुमार की विदाई का भी दावा कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने साफ तौर पर कहा है कि नीतीश कुमार अगले विधानसभा चुनाव में तीन कारणों से कुर्सी से बेदखल हो जाएंगे। इसके लिए वह तीन कारण भी बता रहे हैं। प्रशांत का दावा है कि अगर नीतीश कुमार की अगले चुनाव में हार होती है तो इसमें शराबबंदी नीति की विफलता, अनियोजित और भ्रष्टाचार से ग्रस्त भूमि सर्वेक्षण और राज्य भर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर की जबरन स्थापना बड़े जिम्मेदार होंगे। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, किशोर ने मुट्ठी भर "सेवानिवृत्त नौकरशाहों" के माध्यम से अपनी सरकार चलाने के साथ बिहार के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सीएम का दावा किया। यह विश्वास व्यक्त करते हुए कि 2025 के विधानसभा चुनावों में जन सुराज बिहार में सत्ता में आएगा, उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी नई सरकार के गठन के 15 मिनट में शराब प्रतिबंध हटा देगी। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को हम बिहार के लिए अपने विजन और पार्टी अध्यक्ष के नाम की घोषणा करेंगे। पार्टी में योग्य लोगों का आनुपातिक प्रतिनिधित्व होगा। हमने अपनी पैदल यात्रा के माध्यम से बिहार के केवल 60% हिस्से को कवर किया है। राजनीतिक दल के गठन के बाद भी हम यात्रा जारी रखेंगे। राज्य के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से समान दूरी बनाए रखने की मांग करते हुए किशोर ने कहा, हमने कई बार स्पष्ट किया है कि हम बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। अगर हमें 130 सीटें भी मिलती हैं तो मैं इसे व्यक्तिगत हार मानूंगा। अकेले सरकार बनाना पर्याप्त नहीं है, हमें प्रमुख नीतियों को लागू करने के लिए दो-तिहाई बहुमत के समर्थन की आवश्यकता है... हां तो अर्श पर या फर्श पर। अगर हमें 2025 के चुनाव में लोगों का पूरा समर्थन नहीं मिला तो हम अगले पांच साल तक कड़ी मेहनत करेंगे। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को उनकी तीन प्रमुख नीतियों पर आड़े हाथों लिया. ट्रिपल एस शराबबंदी, (भूमि) सर्वेक्षण और राज्य भर में स्मार्ट मीटर लगाना वर्तमान बिहार सरकार के ताबूत में आखिरी तीन कीलें साबित होंगी।

# मानसून की बारिश खत्म, दिल्ली में उमस भरी गर्मी लौटी, ऐसा है मौसम का हाल

नूना न्यूज एजेंसी



**दिल्ली।** देश के ज्यादातर राज्यों में मानसून की बारिश खत्म होने वाली है। देश के कई हिस्सों में जाते हुए भी बारिश कहर बनकर आसमान से बरसी है। गुजरात, यूपी से लेकर बिहार तक में भारी बारिश हुई लेकिन अब यह दौर खत्म होता दिख रहा है। कुछ राज्य ही हैं जहां हल्की बारिश की संभावना अब भी बनी हुई है। वहीं, बारिश खत्म होते ही देश की राजधानी दिल्ली में फिर से उमस और गर्मी से जूझना शुरू हो गया है। आइए जानते हैं देशभर में मौसम का हाल।

### ››› दिल्ली का मौसम ‹‹‹

पिछले एक सप्ताह से दिल्ली में बारिश गायब है, जिसके चलते देश की राजधानी एक बार फिर उमस और गर्मी से परेशान है। यहां तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन-चार दिनों तक दिल्ली में बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, 5 अक्टूबर से राष्ट्रीय राजधानी का मौसम फिर बदल सकता है। 5 अक्टूबर के बाद दिल्ली में फिर से बादल छाने और बारिश की संभावना है।

### ››› यूपी-बिहार का मौसम---------------

उत्तर प्रदेश और बिहार के पूर्वी इलाकों में बारिश कहर बरपा रही है। यहां कई इलाके बाढ़ की मार झेल रहे हैं। बिहार में हालात और भी खराब हैं क्योंकि कई जिले पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज से स्थिति में सुधार होने की संभावना है। मगर ये अनुमान भी है कि 4 अक्टूबर से एक बार फिर अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है। हालांकि यूपी के कुछ इलाकों में एक हफ्ते तक हल्की बारिश जारी रहने की उम्मीद है।

## जम्मू कश्मीर में चुनाव जारी, तीसरे चरण में डाले जा रहे वोट



**जम्मू कश्मीर।** में 1 अक्टूबर को तीसरी और अंतिम चरण का चुनाव हो रहा है। तीसरा अंतिम चरण में 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है जहां मतदाता बढ़-चढ़ कर वोट डालने पहुंच रहे हैं। इस फेस में 39.18 लाख से ज्यादा मतदाता 5,060 मतदान केंद्रों पर वोट डाल रहे है।

## महात्मा गांधी के नारे और कोट्स बदल देंगे आपकी सोच



**नई दिल्ली।** मोहनदास करमचंद गांधी को राष्ट्रपिता, बापू और महात्मा के नाम से भी जाना जाता है। गांधी जी एक राजनीतिक नैतिकतावादी, राष्ट्रवादी और वकील थे। उन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज 2 अक्टूबर को उनकी जयंती देशभर में बड़े धूम-धाम से मनाई जा रही है। विश्व स्तर पर इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। महात्मा गांधी ने हमेशा शांति, सत्य और अहिंसा के मार्ग की वकालत की।

## सार संक्षेप

### प्रेमिका से तंग युवक ने लगाई फांसी

**जोगी**, इसराना, सितम्बर : गांव बुआना लाखु निवासी राजेंद्र ने अपने खेतों में फांसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली। वहीं थाना इसराना पुलिस को दी शिकायत में कमलेश ने बताया कि उसका पति 32 वर्षीय राजेंद्र खेती.बाड़ी करता था। वहीं उसके पति राजेंद्र के प्रिया नाम की महिला के साथ प्रेम संबंध थे। इस मामले को लेकर अनेक बार झगड़ा भी हो चुका है। प्रिया अक्सर राजेंद्र से पैसों की मांग करती थी। वह उससे निरंतर पैसे लेती भी रहती थी। इतना ही नहीं प्रिया अभी भी उस पर और रुपए देने का दवाब बना रही थी। रुपए न होने के चलते उसे मना भी कर दिया गया था लेकिन वह नहीं मानी। प्रिया से तंग होकर राजेंद्र ने 29 सितंबर की शाम करीब 5 बजे प्रिया के पति संदीप के खेत में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कमलेश का कहना है कि उसके पति ने प्रिया द्वारा लगातार रुपए मांगने और समाज में बदनाम करने के डर से आत्महत्या की है। इधरए पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजेंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। जबकि कमलेश की शिकायत पर प्रिया पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जुआ खेलते पांच लोग 1.10 लाख की राशि सहित काबू

**बंसल**, सिरसा, सितंबर: सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान अनाज मंडी क्षेत्र से जुआ खेल रहे पांच लोगों को 1 लाख 10 हजार रुपए की जुआराशि तथा ताश क साथ काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान शहर सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि अनाज मंडी क्षेत्र में कुछ लोग इकट्ठे होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना को पाकर पुलिस टीम ने मौका पर दबिश देकर जुआ खेल रहे पांच लोगों को 1 लाख 10 हजार रुपए की जुआराशि व ताश सहित काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान दीपक कुमार पुत्र हवा सिंह निवासी चतरगढ़ पट्टी, विनोद कुमार पुत्र वेदप्रकाश निवासी एमसी कॉलोनी, राजकुमार पुत्र भगवान दित्ता निवासी मातूराम कॉलोनी फतेहाबाद, गौरव पुत्र नेम राज निवासी कुस्सर हाल प्रीत नगर सिरसा तथा पंकज पुत्र रोशन लाल निवासी कीर्ति नगर सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ शहर थाना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फूड फैमिली नामक कैफे में तोडफोड़

**पोपली**, पानीपत, सितम्बर : पानीपत के आठ मरला चौक पर स्थित फूड फैमिली नामक कैफे में तोडफोड़ की गई। कैफे मालिक मोनू व कर्मचारी मोहिनी के साथ मारपीट भी की गई। कैफे में चार युवक.युवतियां आए थे। इस दौरान एक युवती फोटो खिंचवाने के लिए टेबल पर बैठी तो टेबल टूट गई। जब आरोपियों ने हजार्ना मांगा तो उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कैफे मालिक के भाई रिंकू निवासी गांव काबडी जिला पानीपत की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने गांव बिंझौल निवासी सचिन व विशु और इनके साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केजरीवाल हरियाणा के मतदाताओं को गुमराह करने के लिए विकास के अस्तित्वहीन दिल्ली मॉडल का झूठा श्रेय लेना चाहते है : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली, सितम्बर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी का दिल्ली में 12 वर्षों के शासन का निक्कमापन उनके गले की फांस बन चुका है और अरविन्द केजरीवाल यह समझ चुके है कि अब उनका दिल्ली से बसेरा उठना तय है। यादव ने कहा कि दिल्ली की सड़कें बनाने का काम जब 12 वर्षों में नही हो सका, वह काम 4 महीने में कैसे संभव है? देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली छोड़ हरियाणा चुनाव में व्यस्त अरविन्द केजरीवाल से पूछना चाहता हूॅ कि पिछले 12 वर्षों में सीएमलैड फंड से सड़क निर्माण पर एक भी पैसा खर्च क्यों नही किया? केजरीवाल सभी मंत्रियों को लोकसभा बांटकर सड़कों का निरीक्षण करने का नाटक करके दिल्ली वालों को गुमराह कर रहे है। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल दिल्ली सहित हरियाणा के मासूम लोगों को भी यह कहकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे है कि यदि मैं समय से पहले जेल से छूट जाता तो हरियाणा में आप पार्टी का मुख्यमंत्री बनता और दिल्ली मॉडल को हरियाणा में लागू करते। परंतु हरियाणा में केजरीवाल के झूठ का पाखंड चलने वाला नही है।

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर एफआईआर प्रतिशोध की राजनीति- कांग्रेस

## केंद्र की भाजपा सरकार कर्नाटक सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही



**नई दिल्ली।** 01 अक्टूबर कांग्रेस ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत हुई एफआईआर को प्रतिशोध की राजनीति बताया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार कर्नाटक की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश और कांग्रेस प्रवक्ता डॉ.अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मुद्दे पर भाजपा को जमकर घेरा। जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दो दिन से कर्नाटक में प्रतिशोध, उत्पीड़न और डराने-धमकाने की राजनीति देखी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी तक कर्नाटक में भाजपा की करारी हार बर्दाश्त नहीं कर पाए हैं। सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर सिर्फ उन पर नहीं, कर्नाटक की जनता पर आक्रमण है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को बहुमत नहीं दिया, और इसी वजह से यह पीएमएलए ले आए। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार आने के पहले दिन से भाजपा सरकार कोशिश कर रही है कि कर्नाटक की सरकार को अस्थिर किया जाए। भाजपा प्रतिशोध की राजनीति कर रही है, लेकिन कांग्रेस डरने वाले नहीं है। वहीं डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भाजपा द्वारा पीएमएलए का इस्तेमाल कर सिद्धारमैया जी को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है। इसके जरिए भाजपा लोगों को तोड़ने की कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार का सिर्फ एक उद्देश्य है कि विपक्ष को धमकाया जाए और डराकर रखा जाए। ईडी के जिन्न को बोतल से बाहर लाना संयोग नहीं है। इसका एकमात्र लक्ष्य कांग्रेस सरकार और सिद्धारमैया को डराना-धमकाना है। ईडी के कुल राजनीतिक मामलों में 95 प्रतिशत केस सिर्फ विपक्ष के खिलाफ हैं। महाराष्ट्र में जिन लोगों ने दलबदल किया और सरकार को तोड़ा, उन सबके केस ठंडे बस्ते में हैं। भाजपा वाशिंग मशीन वाली ये सूची अखिल भारतीय स्तर पर बढ़ती ही जा रही है। इसी सूची के साथ एक और सूची बढ़ती जा रही है, जिसमें जनादेश के साथ मुख्यमंत्री बने लोगों के खिलाफ काम किया जा रहा है। सिद्धारमैया के मामले में भी पीएमएलए के तहत नई एफआईआर दर्ज हुई।

# लव कुश रामलीला की लालकिला मैदान में हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

## सांसद मनोज तिवारी बनेंगे भगवान परशु राम

>> टोटली लेटेस्ट डिजिटल तकनीक के साथ प्रस्तुत होगी राम की लीला



**दिल्ली।** देश-विदेश में ख्याति प्राप्त लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्री अर्जुन कुमार ने लीला स्थल लालकिला मैदान दिल्ली में आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल प्रेस वार्ता में बताया कि रामलीला मंचन इस वर्ष 3 से 13 अक्तूबर 2024 को होगा एवं दशहरा पर्व 12 अक्तूबर 2024 को पूरे देश में धूम धाम से मनाया जायेगा । भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार, सिंगर, भाजपा सांसद श्री मनोज तिवारी भगवान परशु राम का किरदार निभायेंगे, वहीं दूरदर्शन के ख्याति प्राप्त सीरियल हम लोग में नन्हें का किरदार निभाकर स्टार बने अभिनय चतुर्वेदी लीला मंच पर भरत जी की भूमिका निभायेंगे। विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली विधान सभा में विपक्ष के नेता, राजा जनक और पूर्व विधायक विजय जौली भाजपा नेता गुरू वशिष्ठ, पूर्व मेयर जत्थेदार अवतार सिंह कुंभकरण, अपोलों हास्पीटल के डा. अशोक शर्मा सुसेन वैघ, सेवानिवृत आर्मी मेजर शालू वर्मा केकई आदि की भूमिका कर रही है। अर्जुन कुमार ने कहा जाने माने फिल्म स्टार हिमांशु सोनी प्रभु श्रीराम, कनन मल्होत्रा श्री राम के अनुज लक्ष्मण, समीक्षा भटनागर जगत जननी माता सीता मैया एक्टर केतन कराडे रामभक्त हनुमान, फिल्म अभिनेता निमाई बाली महाबली रावण, लेजेन्ट अभिनेता असरानी राजा जनक के प्रमुख मंत्री, सिगर शंकर साहनी केवट, मनीष चर्तुवदी शिव, हेमन्त पांडे हरिभक्त नारद, मोहित त्यागी विभीषण, विघा शुक्ला कौशल्या आदि अभिनय करेंगे।

# राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत नई दिल्ली में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (CPSEs) के लिए कॉन्क्लेव का आयोजन



**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2024:** नई दिल्ली में निवेशकों की बैठक के बाद राजस्थान सरकार ने केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (CPSEs) के संग आज एक कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (CPSEs) के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्हें राज्य में मौजूद व्यवसाय व निवेश के बारे में बताया और उन्हें प्रदेश में कारोबार बढ़ाने और नए निवेश करने का न्यौता भी दिया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर 50 से अधिक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य के व्यापारिक परिदृश्य, निवेश के नए अवसरों और राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे प्रमुख व्यापार-अनुकूल बदलावों की जानकारी दी। इस सीपीएसई कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय उपक्रमों में हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकोर), एनटीपीसी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, आईआरईडीए, पीजीसीआईएल, इंडियन ऑयल, एनटीपीसी, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, इंडिया टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आईटीडीसी), फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई), न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (एनआईएमएसएमई), आईआरसीटीसी, एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई), ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), एफआईसीएसआई (खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल), मैनेजमेंट एंड आंत्रप्रिन्योरशिप एंड प्रोफेशनल स्किल्स काउंसिल (एमईपीएससी) वगैरह शामिल हैं।

# बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है, सबके लिए समान होगा आदेश

## जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि बुलडोजर अन्याय का प्रतीक बन चुका है

**नई दिल्ली, 1 अक्टूबर 2024।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जमीअत उलमा-ए-हिंद की याचिका बनाम उत्तरी दिल्ली नगर निगम रिट पेटीशन (सिविल) संख्या 295/2022 (और संबंधित मामलों) पर सुनवाई करते हुए एक बार फिर कहा कि सजा के तौर पर किसी भी व्यक्ति के घर को गिराने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस अवसर पर वकीलों ने गुजरात और असम में हुई बुलडोजर की कार्रवाई पर भी ध्यान आकर्षित कराया तो माननीय न्यायालय ने कहा कि व्यक्तिगत घटनाओं को भी देखेंगे, पहले हमें पैन-इंडिया गाइडलाइन पर काम करने दें। इस अवसर पर याचिकाकर्ता जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि बुलडोजर इस देश में अन्याय का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि यह आम धारणा बन गई है कि साम्प्रदायिक शक्तियां मुसलमानों को मस्जिदों और इबादतगाहों को चिन्हित करती हैं और स्थानीय अधिकारी उसे तत्काल गिरा देते हैं। इस संबंध में कुछ घटनाएं हुई हैं जो अत्यंत दुखद हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट से स्पष्ट गाइडलाइन की आशा की जा रही है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन पर आधारित पीठ ने आज जमीअत उलमा-ए-हिंद के वरिष्ठ वकील एम आर शमशाद, एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्डर फरुख रशीद और अन्य द्वारा प्रस्तुत गाइडलाइन पर पक्षकारों की राय पर विचार किया। ज्ञात हो कि जमीअत उलमा-ए-हिंद ने गाइडलाइन को लेकर अपनी सलाह में कहा है कि विध्वंस से 60 दिन पूर्व नोटिस दिया जाए जो स्थानीय भाषा में हो और उसमें कारण भी बताया गया हो। इसके साथ ही पीड़ित व्यक्ति को 15 दिनों के अंदर अपील करने का अधिकार होगा और फैसले तक विध्वंस की कार्रवाई न की जाए। अन्यथा, अधिकारियों को दंड और पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अगले फैसले तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी और कहा कि हम जल्द ही अंतिम दिशानिर्देश जारी करेंगे, जो समान रूप से लागू होंगी। जस्टिस गवई ने कहा कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं, यहां किसी एक धर्म को निशाना नहीं बनाया जा सकता।

### वस्त्र मंत्रालय द्वारा हैंडलूम हाट में विशेष हैंडलूम प्रदर्शनी का आयोजन

**द्विवेदी**, नई दिल्ली, सितम्बर : हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, और यह विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोजगार का एक प्रमुख स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनएचडीसी) द्वारा 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक जनपथ, नई दिल्ली के हैंडलूम हाट में विशेष हैंडलूम प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश की शानदार हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा को बढ़ावा देना और बुनकरों एवं कारीगरों को बाजार से जोड़ना है। प्रदर्शनी में 90 स्टॉल्स हैं, जहां बुनकर और कारीगर सीधे अपने उत्पादों की बिक्री कर सकते हैं। इसके अलावा, भारत के अनूठे हैंडलूम और हस्तशिल्प का क्यूरेटेड थीम प्रदर्शन, प्राकृतिक रंगों और फैशन में सकुर्लैरिटी पर कार्यशालाएं, लाइव करघा प्रदर्शन, भारत के लोक नृत्य, और स्वादिष्ट क्षेत्रीय व्यंजनों का भी आनंद लिया जा सकता है। यह आयोजन कारीगरों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और ग्राहकों से सीधे जुड़ने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। भारत का हैंडलूम क्षेत्र कृषि के बाद देश में दूसरा सबसे बड़ा रोजगारदाता है, जो लगभग 35 लाख लोगों को सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करता है।

### भारत और कजाकिस्तान के बीच औली में संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद का शुभारंभ

नई दिल्ली, सितम्बर : भारत और कजाकिस्तान के बीच 8वां संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद-2024 आज सूर्या विदेशी प्रशिक्षण नोड, उत्तराखंड के औली में शुरू हुआ। इस युद्धाभ्यास का समापन 13 अक्टूबर 2024 को होगा। यह संयुक्त अभ्यास 2016 से प्रति वर्ष होता आ रहा है।

पिछला संयुक्त अभ्यास 30 अक्टूबर से 11 नवंबर 2023 तक कजाकिस्तान के ओटार में आयोजित किया गया था। इसमें भारतीय सशस्त्र बलों के 120 जवान जिसमें कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन, अन्य अंगों के साथ-साथ भारतीय वायु सेना के कर्मी शामिल हैं। कजाकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से थल सेना और वायु सेना के जवानों द्वारा किया जाएगा। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के सातवें अध्याय के तहत एक उप-पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

यह संयुक्त अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में कार्रवाई संचालन पर केंद्रित रहेगा। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, सामरिक स्तर पर संचालन के लिए अभ्यास और इसमें सुधार तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। संयुक्त अभ्यास के दौरान किए जाने वाले सामरिक अभ्यासों में आतंकवादी कार्रवाई के खिलाफ संयुक्त जवाब, संयुक्त कमान पोस्ट की स्थापना, खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, हेलीपैड और लैंडिंग स्थल की सुरक्षा, कॉम्बैट फ्री फॉल, विशेष हेलीबोर्न ऑपरेशन, घेराव और तलाशी अभियान के अलावा ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम का उपयोग आदि शामिल हैं।

### रीन्युएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो का 17वां संस्करण आयोजित किया जाएगा

नई दिल्ली, सितम्बर : प्रमुख बी2बी प्रदर्शनी आयोजनकर्ता इन्फोर्मा मार्कीट्स इन इंडिया 3 से 5 अक्तूबर को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में रीन्युएबल एनर्जी इंडिया (आरईआई) के 17वें संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। इसके साथ ही बैटरी शो इंडिया का दूसरा संस्करण भी आयोजित किया जाएगा, यह शो नवीकरणीय उर्जा एवं इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर को व्यापक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। इस अवसर पर योगेश मुद्रास, मैनेजिंग डायरैक्टर, इन्फोर्मा मार्कीट्स इन इंडिया ने कहा, 2030 तक इलैक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को 30 फीसदी तक पहुंचाने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के मद्देनजर ईवी उद्योग देश के परिवहन क्षेत्र में बदलाव लाने में अग्रणी है, 4 मिलियन ईवी पहले से इस्तेमाल किए जा रहे हैं, जिनमें से 95 फीसदी दोपहिया और तिपहिया वाहन हैं। साथ ही नवीकरणीय उर्जा सेक्टर में भी बड़ी प्रगति हुई है, जिसकी इंस्टॉल्ड क्षमता अगस्त 2024 में 200 गीगावॉट तक पहुंच गई है। साथ ही पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी पहलों तथा सौर उर्जा में रिकॉर्ड निवेश के चलते लाखों परिवारों को लाभ हुआ है।

### स्पैक्ट्रम क्षमता में बड़ी बढ़ौतरी से मिलेगी बेहतर इनडोर कनैक्टिविटी

नई दिल्ली, सितम्बर : जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने हरियाणा में अपने नैटवर्क में अपग्रेड्स की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि इसने 9 सौ से अधिक नगरों में 12 सौ से अधिक साइट्स पर स्पैक्ट्रम क्षमता को दोगुना कर 10 मेगाहट्र्स कर लिया है। कंपनी ने 1 हजार से अधिक साईट्स पर एल 21 सौ बैण्ड में भी स्पैक्ट्रम को 50 फीसदी बढ़ाकर 10 मेगाहट्र्स से 15 मेगाहट्र्स कर लिया है। इन अपग्रेड्स के साथ रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र, नूह, महेन्द्रगढ़ जिलों और झज्जर, धारूहेड़ा, घरौंदा, समालखा, नरवाना, मंडी डबवाली आदि शहरों में वी के उपभोक्ता वी गीगानेट पर उत्कृष्ट इनडोर कनेक्टिविटी और तेज डेटा स्पीड का अनुभव पा सकेंगे। कंपनी के बिजनेस हेड दीपक राव ने कहा, सबसे प्रभावी एल 9 सौ और एल 21 सौ बैण्ड्स पर हमारे नैटवर्क में अपग्रेड नैटवर्क के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### दिल्ली के मीर विहार में निमार्णाधीन इमारत की छत ढही, चार लोगों को बचाया गया

**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के मीर विहार इलाके में एक निमार्णाधीन इमारत की छत ढह गई, जिसमें से चार लोगों को बचाया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया, हमें शाम करीब पांच बजकर 40 मिनट पर मदनपुर के मीर विहार में एक मकान के ध्वस्त होने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से चार लोगों को बचा लिया गया है तथा तलाश अभियान जारी है।

### दिल्ली : एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या, 19 वर्षीय पड़ोसी हिरासत में

**दक्षिणी दिल्ली।** के तिगरी इलाके में रविवार को 22 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना शाम करीब साढ़े सात बजे तिगरी पुलिस थाने को पीसीआर कॉल पर मिली जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि कमल सिंह राणा नामक व्यक्ति पर चाकू से कई वार किए गए थे। पुलिस ने कहा कि मामले में राणा के पड़ोसी रितिकेश (19) को हिरासत में लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जन शिकायतों के निस्तारण में खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट तलब

लखनऊ, सितंबर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त रूख अख्तियार किया है और कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। पिछले कई दिनों से सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और हीलाहवाली की शिकायतें मिल रहीं थीं। इस पर उन्होंने ऐसे जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि लापरवाह डीएम और एसएसपी, एसपी की रिपोर्ट मिलते ही बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में आईजीआरएस, सीएम हैल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही उन्होंने लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने हाल ही में आईजीआरएस, सीएम हैल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पाया कि 1 सितंबर से 25 सितंबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश के कई जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसमें शिकायतों के निस्तारण के बाद सीएम हैल्पलाइन एवं सीएम डैशबोर्ड से लिए गए फीड बैक में शिकायतकर्ताओं ने असंतोष जताया है। इनमें देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मीरजापुर के जिले शामिल हैं। इन जिलों के शिकायतकताओं ने अपनी शिकायत के निस्तारण के फीडबैक पर 70 प्रतिशत तक असंतोष जाहिर किया है। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी को फटकार लगाते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिए हैं। वहीं मुख्य सचिव समीक्षा बैठक की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने वाले हैं। जानकारों की मानें तो रिपोर्ट के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं। मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में पाया कि प्रदेश के कुछ जिलों का अगस्त, सितंबर माह में आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण करने में अच्छा प्रदर्शन रहा है। इन्होंने समयबद्ध तरीके से शिकायतों को निस्तारित कर स्पेशल क्लोज रिपोर्ट समिट की है। इसमें अगस्त माह में औरैया, लखीमपुर खीरी और लखनऊ शामिल हैं। इसी तरह सितंबर माह में औरैया, लखीमपुर खीरी, मेरठ, सहारनपुर और गोरखपुर के जिले शामिल हैं। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों के अधिकारियों को इसी आधार पर काम करने के निर्देश दिए।

### गोयल ने उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन पाने वाली 140 कंपनियों के साथ चर्चा की



**दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत वित्तीय लाभ पाने वाली कंपनियों के साथ विस्तृत चर्चा की। मंत्री ने 14 क्षेत्रों की 1,300 विनिर्माण इकाइयों में इस योजना की लाभार्थी रही 140 कंपनियों के साथ बातचीत की। गोयल ने बैठक के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, हमने अनुमान लगाया था कि 14 क्षेत्रों में करीब 1.46 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा... अब हमारा अनुमान है कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजना (योजना अवधि के दौरान) के जरिए दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो सकता है। उन्होंने कहा कि पहले अनुमान लगाया गया था कि पीएलआई योजना के तहत करीब 8.5 लाख नौकरियां पैदा होंगी, लेकिन ताजा आंकड़ों को देखते हुए, हम आसानी से करीब 12 लाख (नौकरियां) पैदा होने की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद थी कि हम करीब 11 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त उत्पादन देखेंगे। लेकिन आज कुछ आंकड़े सुनकर मेरा मानना है कि घरेलू मांग और निर्यात दोनों के लिए उत्पादन हमारी उम्मीद से कहीं अधिक होगा। मंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में इकाइयां अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और अब वे अधिक समर्थन दिए बिना भी निवेश करने की स्थिति में हैं, क्योंकि मांग पैदा होने लगी है। बैठक में फर्मों ने सरकारी खरीद में कुछ संशोधनों सहित अपने सुझाव दिए, जिन पर गोयल ने अधिकारियों से विचार करने को कहा।

## विधायक व पालिका अध्यक्ष ने फीता काट कर रामलीला का किया शुभारंभ



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर की ढाई सौ वर्ष पुरानी रामलीला का भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी वह हसनपुर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ कर दिया, बता ते चले कि श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला का भव्य आयोजन नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित रामलीला मैदान में किया जा रहा है जिसका मंगलवार को विधायक एवं पालिका अध्यक्ष मे फीता काटकर शुभारंभ कर दिया, इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने कहा कि हमें भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतरना चाहिए, वही पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि भगवान श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारकर हम अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं भगवान श्री राम ने हमेशा पापियों का नाश किया है, इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, समिति के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, देवेंद्र खड्गवंशी, विशाल शर्मा, मुकेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, संजय शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, विनोद भोज, पवन राज, पंडित वेंकटेश्वर शर्मा, सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धा मौजूद रहे।

## रास्ता न मिलने पर भड़के नायब तहसीलदार ने व्यापारियों के साथ की अभद्रता, व्यापारियों ने लगाए हाय हाय के नारे

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** नगर की नवीन मंडी समिति में किसानों द्वारा लाए गए धानो का अपार ढेर लगा हुआ है, जिसके चलते मंडी में चारों ओर धान ही धान दिखाई दे रहा है, व्यापारियों का आरोप है कि नायब तहसीलदार भारत प्रताप सिंह ने मंडी के अंदर से गुजरते हुए व्यापारियों के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी और व्यापारियों तथा किसानों को लाठी डंडों से पिटवाने की धमकी दी, वही मौके पर मौजूद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री मुकेश गोयल ने नायब तहसीलदार की इन शब्दों की कड़ी निंदा करते हुए नया तहसीलदार को खरी खोटी सुनाई, देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में व्यापारी एवं किसान एकत्र हो गए, तथा व्यापारियों की नायब तहसीलदार से जमकर नोक झोंक हुई, इस बीच मौके पर पहुंचे तहसीलदार मूसा राम सिंह ने भी व्यापारियों को समझने का प्रयास किया लेकिन व्यापारी नायब तहसीलदार द्वारा की गई अभद्रता से नाराज होकर नायब तहसीलदार एवं प्रशासन के खिलाफ हाय-हाय के नारे लगाते रहे, व्यापारियों का आरोप है कि नायब तहसीलदार आए दिन किसी न किसी से बदतमीजी करते रहते हैं, उधर व्यापारियों के रोष को देखते हुए नायब तहसीलदार बैक फुट पर आ गए और उन्होंने व्यापारियों से अपने कृत्य की माफी मांगी और आगे से ऐसी पुनरावृत्ति न होने की बात कही, इस दौरान घंटो अफरा तफरी का माहौल बना रहा, प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री मुकेश गोयल, नरेश चौहान, शाहानाबाज खान, नरेश अग्रवाल, विक्रम चौहान, हरजीत चावला, नंदराम, भगत सिंह, विपिन चौहान, राजपाल चौहान, गजपाल चौहान आदि सहित भारी संख्या में व्यापारी व किसान मौजूद रहे।

## नई सड़क, सेतु या पुलिया की जरूरत हो या करानी हो पुराने की मरम्मत, जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन मिलकर तैयार करें प्रस्ताव, शासन से तुरंत मिलेगा पैसाः मुख्यमंत्री

**लखनऊ, 01 अक्टूबर:-** प्रदेश में मजरे से लेकर हर ग्राम पंचायत, कस्बे, टाउन एरिया, नगर और महानगर में बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'मिशन मोड में आ गए हैं'। मुख्यमंत्री ने सभी सांसदों, विधायकों से अपने क्षेत्र में नई सड़क, बाईपास, अथवा पुल-पुलिया के निर्माण और पुराने की मरम्मत के लिए अगले 15 दिन में प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। मंगलवार को जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में, गांव हो या नगरीय क्षेत्र, सड़कें अच्छी होनी चाहिए, इसके लिए सांसद और विधायकगण को भी प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़कों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधि गण अपने जिले के प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में कोर कमेटी के साथ बातचीत करके जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी नई सड़क की जरूरत हो, पुराने की मरम्मत करानी हो, सेतु निर्माण, रिंग रोड/बाईपास, प्रमुख/अन्य जिला मार्ग



अथवा सर्विस लेन आदि की आवश्यकता हो, जनप्रतिनिधिगण प्रस्ताव भेजें, शासन स्तर से तत्काल निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी मजरे में मात्र 250 लोगों की आबादी है तो भी वहां पक्की सड़क की सुविधा मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में बाईपास मार्ग नहीं है, वहां के जनप्रतिनिधि आवश्यकतानुसार प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक अथवा पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए भी पर्याप्त बजट रखा गया है। पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए ऐसे क्षेत्रों की सड़कों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक/लॉजिस्टिक पार्क/चीनी मिल परिक्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी आवश्यक है। इसी तरह, यदि कहीं भी तहसील और ब्लॉक मुख्यालय 02 लेन सड़क से नहीं जुड़े हैं तो तत्काल सूचना देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंटरस्टेट अथवा इंटरनेशनल कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए कार्य जारी है। सीमा पर 'मैत्री द्वार' भी तैयार कराए जाने हैं। जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में भी अपने प्रस्ताव देने चाहिए। बैठक में, मुख्यमंत्री ने वर्तमान में जारी सड़कों की मरम्मत, गड्ढामुक्ति के प्रदेशव्यापी अभियान को पहले चरण में 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के भी निर्देश दिए। भारी वाहनों की ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री ने 'जीरो पॉइंट' पर एक्टिव रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर सामान्य आवागमन बाधित कर जांच करने की बजाए, जहां से वाहन चलना प्रारंभ किया है, वहीं कार्यवाही करें। बैठक में सभी जोन, मंडलों, रेंज, जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

## गजरौला में जूनियर हाई स्कूल के प्रिंसिपल ने लगाई फांसी, बी एस ए तथा दो टीचरों के तानों से था तंग

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**गजरौला।** मंगलवार को दिन निकलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया गजरौला थाना क्षेत्र के सुल्तानठेर गांव के आदर्श जूनियर हाई स्कूल के 50 वर्षीय प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने स्कूल के दो अन्य टीचरों तथा बी एस ए के तानों से तंग आकर आत्म लीला समाप्त कर ली, मृतक संजीव मूल रूप से बछरायूं थाना क्षेत्र के जमानाबाद गांव के निवासी थे मृतक द्वारा 18 पेज का लंबा चौड़ा सुसाइड नोट छोड़ा गया है, मृतक के पुत्र ने बताया कि आज सुबह पापा घर से जल्दी निकले थे तथा स्कूल के टीचरों का फोन आने पर घटना की जानकारी हुई, वही सुसाइड नोट में मृतक प्रधानाचार्य संजीव ने स्कूल के दो अन्य टीचर राघवेंद्र सिंह व सरिता सिंह जो आपस में पति-पत्नी है पर



प्रधानाध्यापक संजीव कुमार, मृतक

प्रताड़ित करने का आरोप लगाया वही पत्र में बी एस ए मैडम पर दोनों टीचरों का साथ देते हुए प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है, उधर मामले में जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने जांच कमेटी बनाकर मामले में जांच बैठाई है, मृतक के पुत्र की तहरीर पर दोनों टीचरों में व बी एस ए के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है, सुसाइड नोट में मृतक संजीव ने लिखा है कि मैं राघवेंद्र सिंह और सरिता सिंह व वी एस ए मैडम की यातानाओं से तंग होकर आत्महत्या कर रहा हूं, राघवेंद्र सिंह और सरिता सिंह गाली गलौज करते हैं उनकी यात्नाओं से तो मरना अच्छा है, मैं इन लोगों की दबंगई 2 अप्रैल 2019 से झेल रहा हूं, मृतक संजीव अपने पीछे पत्नी व दो बेटों को छोड़ गया है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर ने बताया कि नाम जद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जांच जारी है आरोपियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

## मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करने वाले महाराष्ट्र के रामगिरी महाराज पर हो मुकदमा दर्ज

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश के प्रधानमंत्री एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन संबोधित करते हुए एसडीएम कार्यालय हसनपुर तथा सी ओ को दिया, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र के एक महाराज रामगिरी द्वारा मुसलमान के प्यारे नबी मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी एवं गलत बयान बाजी करने को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया और रामगिरी महाराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की, वही उन्होंने कहा कि हमारा देश हिंदू मुस्लिम एकता गंगा जमुनी तहजीब का देश है अतः ऐसे अल्फाजों का प्रयोग किसी भी धर्म के प्रति करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से बाबा फरीद, जुनैद, मारूफ अंसारी, शाने आलम, सादिक, फिरोज, बाबर खान, शोएब चौधरी, जाहिद आदि दर्जनों मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## मासिक शिवरात्रि पर हुआ भजन कीर्तन, स्थानीय भजन गायको ने बांधी शमा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** सोमवार की देर रात नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर मासिक शिवरात्रि के चलते भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय भजन गायक राहुल दीवाना, सौरभ मित्तल, योगिता सक्सेना आदि ने भगवान भोलेनाथ के एक से बढ़कर एक सुंदर भजन सुनाए जिन्हें सुनकर उपस्थित जनसमूह मंत्र मुग्ध हो गया, याद रहेगी हर माह की भांति इस महा भी शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव द्वारा मासिक शिवरात्रि पर भजन कीर्तन का आयोजन कराया गया, जिसमें वेद प्रकाश यादव उनके परिवार द्वारा भोले बाबा की विशेष पूजा अर्चना की गई, वहीं स्थानीय भजन गायको द्वारा भोले बाबा की स्तुति, वंदना एवं आरती आदि की गई, कार्यक्रम देर रात तक चला,भजन संध्या के अंत में भगवान भोलेनाथ की आरती की गई, आरती के बाद प्रसाद का वितरण भी हुआ, इस मौके पर मुख्य रूप से शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव, गीता यादव, रवि यादव, राजेंद्र यादव, रवि यादव, पंडित सतवीर गिरि, महेश शर्मा, पप्पू गिरी, देवेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, दामोदर शर्मा, उमेश शर्मा, विकास यादव आदि सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष भक्तगण मौजूद रहे।

## बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/ बुरावली।** सोमवार की देर रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, बताते चलें कि सोमवार की देर रात हसनपुर रहरा मार्ग पर दो युवक जिसमें 19 वर्षीय प्रशांत वह 22 वर्षीय हरीराज अपनी बाइक पर सवार होकर बुरावली बिजली घर पर बिजली की सप्लाई के बारे में जानने के लिए निकले थे, इसी बीच जैसे ही उनकी बाइक स्टेट हाईवे पर पहुंची तो तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने सामने से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं चालक वाहन को लेकर फरार हो गया, बताते कि गांव में दोपहर से बिजली की सप्लाई नहीं मिल रही थी जिसकी जानकारी करने के लिए दोनों रात्रि में बिजली घर के लिए मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकले थे इसी बीच हादसा हो गया, वहीं हादसे की खबर पर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, इस संबंध में रहरा थाना अध्यक्ष अलका चौधरी ने बताया कि दोनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है, तथा पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में लगी हुई है।

# फिर से शुरू होंगे बंद सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स विहीन जनपदों में खुलेंगे मल्टीप्लेक्स

**लखनऊ, 1 अक्टूबर।** योगी कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए प्रदेश में बंद पड़े सिनेमाघर को पुनः संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मल्टीप्लेक्स विहीन जनपदों में जल्द से जल्द मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की है। यह योजना 5 वर्ष तक प्रभावी रहेगी।

**एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जाएगा**

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बारे में बताया कि प्रदेश में बन्द एकल छविगृह, संचालित सिनेमाघरों का पुनर्निर्माण/रिमॉडल करवाने व मल्टीप्लेक्स विहीन जनपद, मल्टीप्लेक्स के निर्माण हेतु तथा सिनेमाओं के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना लागू की जा रही है। सिनेमाघर / मल्टीप्लेक्स द्वारा राजकोष में जमा की गयी एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जायेगा, जिससे राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं आयेगा।

**मिलेंगे ये 7 अनुदान**

1. योजना जारी होने की तिथि से 05 वर्ष के अन्दर बंद अथवा संचालित सिनेमा को तोड़कर व्यावसायिक काम्पलेक्स तथा आधुनिक सिनेमा निर्माण के लिए प्रथम 03 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 100 प्रतिशत तथा अगले 02 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 75 प्रतिशत।
2. योजना जारी होने की तिथि से 05 वर्ष के अन्दर बंद या संचालित सिनेमा भवन की आन्तरिक संरचना में परिवर्तन कर पुनः संचालित करने अथवा स्क्रीन की संख्या में वृद्धि करने के लिए प्रथम 3 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 75 प्रतिशत तथा अगले 02 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 50 प्रतिशत।
3. बंद एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आन्तरिक संरचना में परिवर्तन किये पुनः 31 मार्च 2025 तक जिला मजिस्ट्रेट से लाइसेंस प्राप्त कर फिल्म प्रदर्शन करने पर प्रथम 03 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 50 प्रतिशत।
4. व्यावसायिक गतिविधियों सहित/रहित, न्यूनतम 75 आसन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघर के निर्माण के लिए प्रथम 03 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 100 प्रतिशत तथा अगले 02 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 50 प्रतिशत।
5. जिन जनपदों में एक भी मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित नहीं है, वहां मल्टीप्लेक्स खुलवाने के लिए 05 वर्ष तक एकत्रित एसजीएसटी का 100 प्रतिशत।
6. जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित है, वहां नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण के लिए प्रथम 03 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 100 प्रतिशत तथा अगले 02 वर्ष एकत्रित एसजीएसटी का 50 प्रतिशत।
7. सिनेमाघर/मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण के लिए निवेश की गयी वास्तविक धनराशि का 50 प्रतिशत की सीमा तक एकत्रित एसजीएसटी के समतुल्य धनराशि अनुमन्य होगी।



### सूचना प्रौद्योगिकी सेवा को "उद्योग" का दर्जा

योगी सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं को उद्योग का दर्जा दिए जाने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आईटी/आईटीएस क्षेत्र की तीव्र वृद्धि में सहायता के लिए राज्य को परिवर्तनकारी सुधारों को कार्यान्वित किए जाने की आवश्यकता है। इन सुधारों का उद्देश्य आईटी और आईटीएस क्षेत्र को "उद्योग" का दर्जा दिया जाना है। आवासीय विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अन्तर्गत वगीकृत भूमि को आईटी/आईटीईएस क्षेत्र की इकाइयों को औद्योगिक दर पर भूमि आवंटन की सुविधा प्रदान करने से आईटी/आईटीईएस इकाइयों को भूमि उपलब्धता में सुगमता होगी। आईटी/आईटीईएस क्षेत्र की नई क्रियाशील इकाईयों, जिनका न्यूनतम लोड 150 ङह है, को औद्योगिक दरों पर विद्युत उपलब्ध कराए जाने से उनकी लाभप्रदता बढ़ाने में मदद मिलेगी और उत्तर प्रदेश राज्य आईटी/आईटीईएस क्षेत्र में अधिक निवेश आकृष्ट करने में सक्षम होगा। इस प्रकार के पुनर्वर्गीकरण से उत्तर प्रदेश में प्रचलित दरों के अनुसार इस क्षेत्र के लिए विद्युत की लागत में लगभग 18 प्रतिशत की बचत होगी।

# 36.51 करोड़ पौधरोपण से काफी आगे निकली योगी सरकार

**लखनऊ, 1 अक्टूबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक दिन (20 जुलाई) को 36.51 करोड़ पौधरोपण कर इतिहास रचने वाला उत्तर प्रदेश अब और भी आगे निकल गया। 20 जुलाई से 30 सितंबर के मध्य उत्तर प्रदेश में 36.80 करोड़ से अधिक पौधरोपण कर लिए गए। 13.53 पौधरोपण के साथ ग्राम्य विकास विभाग निरंतर शीर्ष पर है, जबकि वन विभाग की तरफ से लगाए गए 12.92 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। वहीं जनपदों में सोनभद्र शीर्ष पर है। यहां एक करोड़ 55 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है।

**›› 20 जुलाई से 30 सितंबर के बीच लगे 36.80 करोड़ पौधे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 जुलाई को लखनऊ से पौधरोपण कर 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024' का शुभारंभ किया था। इसी दिन मुख्यमंत्री ने गोरखपुर व प्रयागराज में भी पौधरोपण कर अभियान को धार दी थी। 20 जुलाई को 36.50 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य था, लेकिन उस दिन 36,51,45,477 करोड़ पौधे लगाए गए, जो सरकार के लक्ष्य से 1,45,477 अधिक रहे। सीएम योगी के निर्देशन में यह अभियान 20 जुलाई से निरंतर चलता रहा। सभी के संयुक्त प्रयास का परिणाम रहा कि 20 जुलाई से 30 सितंबर के मध्य यह आंकड़ा 36.51 करोड़ से आगे बढ़कर 36.80 करोड़ पौधरोपण तक पहुंच गया। वन, वन्य जीव व पर्यावरण विभाग के नेतृत्व में सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से यह सफलता अर्जित की गई।

**सोनभद्र शीर्ष पर, 1.55 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए**

अभियान के तहत सर्वाधिक पौधरोपण सोनभद्र में किया गया। 20 जुलाई को सोनभद्र में 1.53 करोड़ पौधे लगाए गए थे। 30 सितंबर तक यहां 1.55 करोड़ पौधरोपण हो गए। झांसी में 20 जुलाई को 97 लाख पौधे लगाए गए थे, जो अब बढ़कर 98.70 लाख हो गए। लखीमपुर खीरी में 95 लाख से बढ़कर 30 सितंबर तक का आंकड़ा 96.18 लाख हो गया है। जालौन में 20 जुलाई को 94 लाख पौधे लगे थे। 30 सितंबर तक यहां 95.22 लाख पौधे लगाए गए। मीरजापुर में 93 लाख से बढ़कर 30 सितंबर तक 94.06 लाख पौधे लगा दिए गए।

**ग्राम्य विकास विभाग की तरफ से किए गए सर्वाधिक पौधरोपण**

ग्राम्य विकास विभाग की तरफ से सर्वाधिक पौधरोपण किए गए हैं। 30 सितंबर तक विभाग ने 13,54,62,142 पौधे लगाए। वहीं वन विभाग की तरफ से इस अवधि में 12,92,66,486 पौधरोपण कर उत्तर प्रदेश की हरियाली बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाई। कृषि विभाग ने 28946222 करोड़ पौधे लगाए। उद्यान विभाग 1 करोड़ 61 लाख और पंचायती राज विभाग की तरफ से 1करोड़ 18 लाख से अधिक पौधा लगाया गया।

## नई बाइक दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले युवक को घसीटती हुई ले गई महिला

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को जलसाजी का शिकार हुए युवक की मां ने जलसाजी कर 60000 रूपए ठगने के आरोपी को भरे बाजार से पकड़ कर घसीटते हुए कोतवाली ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया, बता ते चले कि कोतवाली क्षेत्र के गांव लठिरा माफी निवासी सुनील जो एमएससी का छात्र है, को कोतवाली क्षेत्र के गांव सतेड़ा के एक युवक ने अपनी बातों में फसा कर नई बाइक दिलाने के बहाने 60000 रूपए ठग लिए, वही गांव के ही हेम सिंह पुत्र देशराज को भी अपने



जाल में फंसाकर उससे भी 60,000 रूपए ठग लिए,एक महीने तक नई बाइक नही दिलाने पर युवको द्वारा उसे टोका गया, लेकिन वह टालमटोल करता रहा और बाद में क्षेत्र से गायब हो गया, उधर मंगलवार को नगर में किसी कार्य से आई पीड़ित सुनील की मां कल्लो देवी ने आरोपी युवक को नगर के सुखदेवी इंटर कॉलेज के पास पकड़ लिया और घसीटते हुए कोतवाली ले आई और पुलिस के हवाले कर दिया, इस संबंध में कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है तथा आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा, पीड़ितों को न्याय मिलेग।

# नशा नाश का कारण, इससे दूर रहकर ही सपनों को किया जा सकता है साकारः सीएम योगी

**लखनऊ, 01 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वैश्विक स्तर पर देश व उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को लखनऊ में सम्मानित किया। इस दौरान सीएम योगी ने युवाओं और खिलाड़ियों को सफलता का मंत्र भी दिया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए आज स्मार्ट फोन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को नशे से दूर रहना चाहिए, नशा नाश का का कारण है, जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा कि युवा अपने आप को तैयार करें, उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार उनके लिए समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल के अपने जीवन का हिस्सा बनाएं इसके लिए प्रदेश के शहरों और गांवों में खेल की सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ-साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए सीएम योगी ने सम्मान समारोह में आए खिलाड़ियों की प्रेरक कहानी भी साझा की। जिन्होंने बढ़ाया देश का मान, ऐसी प्रतिभाओं का सम्मानह्न कार्यक्रम में 14 ओलंपियंस व पैरालंपिक एथलीट्स को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का मान बढ़ाने वाले इन सभी खिलाड़ियों को 22.70 करोड़ रुपए की पुरस्कार सम्मान राशि वितरित की। इनमें पदक विजेता



कुल 7 ओलंपियंस व पैरालंपियंस और 7 अन्य प्रतिभाग करने वाले ओलंपियंस व पैरालंपियंस मौजूद रहे। सम्मानित होने वाले पदक विजेताओं में प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल शामिल रहे।

**›› डंबल इंजन की सरकार ने देश में बदला खेल का माहौल**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रतियोगिता छोटी हो या बड़ी वह खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। आज देश के अंदर खेल का माहौल बदला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए जो नियोजित प्रयास हुए हैं, उसका परिणाम आज सबके सामने है। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा शुरू किया गया खेलो इंडिया अभियान, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेलकूद प्रतियोगिता ने पूरे देश के अंदर खेल के वातावरण को बदला है। सीएम योगी ने कहा कि अब विश्वविद्यालय स्तर पर लीग और गांव स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो चुकी है, जिसने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म प्रदान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर खेल को बढ़ावा देने को लेकर किए जा रहे प्रयासों में उत्तर प्रदेश ने कई तरह के कार्यक्रमों को तैयार किया है और हम उस पर आगे बढ़ रह हैं।

**खेल संसाधनों से लैस हो रहा है उत्तर प्रदेश**

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के लिए समुचित अवसंरचना तैयार की है। आज डबल इंजन की सरकार इस पर लगातार ध्यान दे रही है। आज उत्तर प्रदेश में 84 स्टेडियम, 67 बहुद्देश्यीय हॉल, 38 तरणताल, 15 सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम और 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक तैयार हैं। इसके अलावा 2 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, 16 छात्रावास, 47 अत्याधुनिक जिम, 20 सिंथेटिक टेनिस कोर्ट और 19 डॉरमेट्री खिलाड़ियों के लिए तैयार किए जा चुके हैं। वहीं प्रदेश में 2 जूडो हॉल, 13 कुश्ती हॉल, 6 शूटिंग रेंज, 2 इंडोर वॉलीबाल, 12 वेटलिफ्टिंग हॉल, 14 सिंथेटिक बॉस्केट बॉल कोर्ट प्रदेश के अंदर बनकर तैयार हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। प्रदेश के अंदर सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान और ओपन जिम, सभी 826 विकासखंड में मिनी स्टेडियम और सभी जनपदों में स्टेडियम के निर्माण के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर खिलाड़ियों के लिए खेल के संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# नगर में हनुमान चालीसा के पाठ का हुआ सामूहिक आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगल वार को श्री राम सेवा समिति जनपद अमरोहा के साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम घर-घर श्री हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के अंतर्गत मंगलवार को श्री बालाजी भगवान का चालीसा पाठ व आरती श्री राम सेवा समिति जनपद अमरोहा के जिला कोषाध्यक्ष रानू रस्तोगी के आवास पर पर संपन्न हुआ, चालीसा का पाठ करने के बाद श्री बालाजी भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया चालीसा में जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, मुकुल अग्रवाल , विजय पारछा,बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, जतिन गुर्जर, विनीत कुमार, मोहित सुशील अग्रवाल , सौरव गुप्ता,





प्रखर अग्रवाल, पवन चौहान, पंकज अग्रवाल आदि भक्तों ने भाग लिया, उधर नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर भी सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चों सहित युवा एवं महिला, पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया बताते चलें कि श्री झारखंड महादेव शिव कावड़ बेड़ा संघ हसनपुर द्वारा सनातन धर्म की रक्षा एवं विश्व कल्याण के लिए प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में इस मंगलवार को भी हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से राहुल हिंदुस्तानी, विपिन हिंदुस्तानी, अंकुर प्रजापति, निशांत चौहान, अभिषेक ठाकुर, गिरजा शंकर बंसल, बबलू प्रजापति, अंकित, सतवीर गिरी, पप्पू गिरी, दामोदर शर्मा, कपिल, मयंक, उमेश शर्मा, दिव्यांश, महेश शर्मा आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रह।

## हसनपुर में संस्कृत गुरुकुल में बालक बालिकाओं को सिखाया जाएगा वेदों का ज्ञान

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** नगर के ग्रीन सिटी कॉलोनी सैनी धर्म कांटे के पीछे निर्मित हो रही संस्कृत गुरुकुल पाठशाला में असहाय बालक बालिकाओं को तीरअवस्था का बोध कराया जाएगा, जिसमें सनातन धर्म क्या है तथा चार वेद, छह शास्त्र, 18 पुराण का, बोध ज्ञान सिखाया जाएगा, जिसमें आचार्य, शास्त्री की डिग्री छात्र-छात्राओं को दिलाई जाएगी, नगर के प्रमुख समाजसेवियों की एक कमेटी का गठन किया जा रहा है जिनके सहयोग से इस संस्कृत गुरुकुल की स्थापना हो रही है, इस गुरूकुल में विद्वान आचार्य द्वारा ज्ञान संस्कृत, व्याकरण, वेद पाठ अध्ययन कराया जाएगा यह जानकारी धमार्चार्य संस्थापक पंडित विपिन शास्त्री द्वारा दी गई है।

## योगी सरकार ने प्रदेश भर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ

**लखनऊ, 1 अक्टूबरः** योगी सरकार ने बारिश से पनपने वाले वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रदेश भर में 1 अक्टूबर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसी के साथ 11 अक्टूबर से दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 13 विभाग आपसी समन्वय से अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं सीएम योगी ने प्रदेशवासियों से अभियान में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जागरुकता जरूरी है। ऐसे में खुद और दूसरों को संचारी रोगों को लेकर सचेत करें।

**योगी सरकार संचारी रोगों के खात्मे की दिशा में लगातार कर रही प्रयास**

सीएम योगी के निर्देश पर राजधानी के अलीगंज स्थित सीएचसी से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी के साथ पूरे प्रदेश में अभियान का आगाज हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि सरकार लगातार संचारी रोगों के खात्मे की दिशा में प्रयास कर रही है। साल में अलग-अलग माह में अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार से संचारी रोगों को खत्म करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में टीमें घर-घर जाएंगी। यह अभियान पूरे माह चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में 13 विभाग आपसी समन्वय बनाकर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार समेत दूसरे संचारी रोगों पर प्रहार करेंगे। वहीं सीएम योगी के अथक प्रयास से संचारी रोगों पर रोकथाम के लिए काफी हद तक कामयाबी भी मिली है। प्रमुख सचिव ने प्रदेशवासियों से घर के भीतर व बाहर पानी न जमा होने, खाली प्लॉट में साफ-सफाई, गंदगी न जमा होने देने की अपील की।

**बुखार को न करें नजरअंदाज, तुरंत लें डॉक्टर की सलाह**

अभियान के तहत प्रदेश के सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार फॉगिंग कराने के साथ एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाएगा। इसके अलावा सफाई अभियान चलाया जाएगा ताकि संचारी रोगों से लोगों को बचाया जा सके। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर जांच करेंगे। वह घरों में पनपने वाले लार्वा को खत्म करने में मदद करेंगे। डेंगू-मलेरिया का मरीज मिलने पर घर के बाकी सदस्य व उसके आसपास के लोगों की भी जांच कराई जाएगी। अभियान के दौरान डेंगू, मलेरिया व दूसरे संचारी रोगों के लिए संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया जाएगा। इन इलाकों में फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव, साफ-सफाई कराई जाएगी। लोगों को रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करने और बुखार आदि के मरीज मिलने पर कैंप लगाकर जांच कराई जाएगी। अभियान में लोगों से बुखार को नजरअंदाज न करने और डॉक्टर की सलाह लेने की भी अपील की गयी।

# बेतिया के नजदीक रिंग बांध टूटा, गंडक का पानी लोगों के घरों में घुसा।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित बैरिया ब्लॉक इलाका मे सोमवार की रात रिंग बांध टूटने से अफरा तफरी माहौल कायम होगेया। रात के गेयारह बजे नीतीश नगर के पास पाटजिरवा?- डुमरिया रिंग बांध गंडक नदी के तेज बहाव में टूट गया । बांध टूटते ही आसपास के गाओ में भगदड़ मच गई है। लोग अपने सामानों को समेट कर ऊंचे ऊंचे स्थान पर रखने लगे हैं। वही ध्वस्त हुए बांध के पास हजारों की संख्या में लोग पहुंच गई है। अभियंताओं को खोजने लगे। परंतु कोई अभियंता घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। लोगों ने जमकर हंगामा किया। जबकि नदी का पानी बांध टूटने से रनहा , बिन टोली, लाल टोला नीतीशनगर ,पखनाहा ,जगीराहा,सिंगही समेत दर्जनों गांव की ओर तेजी से फैलने लगा । रात मैं ही पकनाहा बाजार के लोगों ने ट्रैक्टर पर सामानों को लादकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने में जुट गए। इस बांध के टूटने से चंपारण तटबंध और पुडी रिंग बांध के बीच बसे दर्जनों गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है । गंडक नदी का पानी अब तेजी के साथ खेतों में लगे फसलों को डुबोते हुए गांव को भी अपने चपेट में लेने लगी है। पीडी रिंग बांध और चंपारण तटबंध के बीच मे दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। लोग अपने घरों के सामानों को ऊंचे ऊंचे स्थानों पर सुरक्षित रखने में जुटे हुए हैं। जबकि टूटे हुए पीडी रिंग बांध को लेकर लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही से आज बांध ध्वस्त हो गया है। जिससे दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हुए हैं। लोगों ने बताया कि फ्लड फाइटिंग के नाम पर लूट का शॉट किया गया है। जिसका ही परिणाम है कि आज पद रिंग बांध दोस्त हुआ है।





**वर्ष 2007 में बना था ध्वस्त पीड़ी रिंग बांध।**

वर्ष 2003 में आई इन इलाकों में भीषण बाढ़ के कारण पीडी रिंग बांध तहस-नहस हो गया था। उसे साल पीडी रिंग बांध टूटने के बाद चंपारण तटबंध भी कई जगह टूट गया था। जिससे ब्लॉक के सभी पंचायत जलमग्न हो गए थे। पीड़ी रिंग बांध क्षतिग्रस्त होने के बाद 2007 में 10 करोड़ से अधिक की लागत से नए रूप में बनाया गया। परंतु उसके बाद इसको सुरक्षित रखने के लिए कभी भी निरोध आत्मक कार्य बेहतर ढंग से नहीं किया गया। यही नहीं इसको बचाने के लिए रिवर साइड से भी सुरक्षात्मक कार्य नहीं किया गया। जिससे धीरे-धीरे बांध की मजबूती कमजोर होती चली गई। केवल फ्लड फाइटिंग के नाम पर खाना पूर्ति की गई है। जिसका ही परिणाम है की आज पद रिंग बांध डिड दशक बाद फिर तहस-नहस हो गया है। बांधों की मरम्मती के नाम पर हर साल करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाया जाता है। निरोधात्मक कार्य के अलावा फ्लड फाइटिंग के नाम पर लाखों रुपया का न्यारा वारा किया जाता है। परंतु आज तक टाटा बांधों की मजबूती प्रधान नहीं की जा सकी। जिसका ही परिणाम है कि समय-समय पर बांध टूटता रहा। फिर जिसकी मर्मती के नाम पर करोड़ों रुपया लगाया जाता है। माले नेता सुनील राव ने बताया कि कई बार मरम्मती के नाम पर हुई लूट खसोट को लेकर आवेदन भी लोगों ने दिया। परंतु ना उसकी जांच की गई और ना ही दोषियों पर कार्रवाई किया गया। यही नहीं अभियंता अपने चाहते ठेकेदारों को टेंडर देते हैं। उनसे मोटी रकम लेकर कई काम दिखाया जाता है। पिछले दो सालों से फ्लड फाइटिंग के नाम पर लाखों लाख रुपया ल कट की गई है। 100 बोरा बोरा क्रेटिंग में लगता है और अभियंताओं की मिली भगत से 10000 बोरा खपा दिया जाता है। इस तरह की लूट खसोट का खेल बदस्तूर होता रहता है। अब बंद ठेकेदार, अभियंताओं और राजनेताओं के त्रिकोण से बांध मरामाती इन तीनों के लिए सोने की अंडा देने वाली मुर्गी बनती जा रही है ।

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में 16 किसान संगठनों ने किया प्रदर्शन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में किसान सोयाबीन के दाम 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल किए जाने को लेकर पिछले एक महीने से आंदोलित हैं। सोमवार को भोपाल में प्रदेश के करीब 16 किसान संगठन नीलम पार्क में प्रदर्शन किया। सोयाबीन, गेहूं, चना, मक्का सहित तमाम फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने और एमएसपी की कानूनी गारंटी देने जैसी तमाम मांगों को पूरा करने के लिए डटे रहे। हमारी मांग है कि सोयाबीन, गेहूं, मक्का, चना सहित तमाम फसलों की एमएसपी किसानों की लागत के हिसाब से तय हो और एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए।

### रक्तदान मानवता की सेवा का पुनीत कार्यः शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सभी रक्तदाताओं को मानवता के पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह एक महान सेवा है। रक्तदान जीवनदान है। उन्होंने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से नियमित रक्तदान करने की अपील की, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और जीवन बचाया जा सके। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 1 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम सेलिब्रेटिंग 20 ईयर्स ऑफ़ गिविंग- थैंक यू, ब्लड डोनर्स卐 रखी गई है। इस अवसर पर रक्तदान के महत्व को रेखांकित करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। प्रदेश में ग्राम पंचायतों एवं ब्लॉक स्तर पर स्वैच्छिक रक्तदाताओं के अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाएंगे।

### प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने, दल गठित कर चलाया गया व्यापक अभियान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के उद्देश्य से दल गठित कर एक व्यापक अभियान चलाया गया, जिसका सत्यापन करने की दृष्टि से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके आधार पर सड़कों का मरम्मत कार्य 7 दिवस में सुनिश्चित करवाया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान जिन संभागों में सड़कों पर अधिक गड्ढे पाये गये उनसे संबंधित कार्यपालन यंत्रियों एवं ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। प्रदेश में 7 से 22 अगस्त तक 15 दिवसीय व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश की सड़कों की स्थिति का निरीक्षण कर उनकी मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाना था। लोक निर्माण विभाग द्वारा अभियान का सत्यापन करने के की दृष्टि से अधीक्षण यंत्री स्तर के अधिकारियों को 9 से 15 सितंबर तक विभिन्न जिलों में सड़क निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे।

# बेतिया नगर निकाय प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी राहुल कुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल से मुलाकात की।

**भाजपा की सर्वाधिक सदस्यता दिलाने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ.दिलीप जायसवाल ने क्षेत्रीय प्रभारी राहुल कुमार को अंगवस्त्र से किया सम्मानित।**

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल से पटना स्थित पार्टी कार्यालय में नगर निकाय प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी राहुल कुमार ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जायसवाल ने नगर निकाय प्रकोष्ठ में अब तक सर्वाधिक सदस्यता करने पर राहुल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।पटना के पूर्व महापौर एवं नगर निकाय के प्रदेश संयोजक संजय कुमार ने इस अवसर पर कहा राहुल की मेहनत और समर्पण ने पार्टी को मजबूत किया है। उनकी इस उपलब्धि पर हम सभी गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने नगर निकाय प्रकोष्ठ के अन्य सदस्यों को भी प्रोत्साहित किया और इसी तरह की मेहनत और लगन से काम करने की अपील की।



राहुल ने इस सम्मान के लिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जायसवाल एवं प्रदेश संयोजक संजय कुमार का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि मैं इस सम्मान के लिए आभारी हूं और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को और मजबूत करूंगा।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत "स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता, पॉलिथीन थेलो एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के बर्तनों का बहिष्कार का लिया संकल्प।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी , कस्तूरबा गांधी, अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि।**

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**चंपारण।** ऐतिहासिक शहीद स्मारक में बापू (महात्मा गांधी), कस्तूरबा गांधी ,अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर पीस एम्बेसडर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाऊंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता , डॉ अमानुल हक संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतवर्ष में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 के बीच विशेष (स्वच्छता पखवाड़ा )स्वच्छता अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। यह एक छोटा सा प्रयास स्वच्छता के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा। हम आशा करते हैं कि विश्व के दूसरे राष्ट्र हमारे इस अभियान का अनुसरण करेंगे, जिसे महात्मा गांधी ने आज से लगभग 107 वर्ष पूर्व बेतिया पश्चिम चंपारण में स्वच्छताग्रह के लिए लोगों को लामबंद किया था। हमारे युवा स्वच्छ भारत अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। आज देश के युवा अपने आस-पास, घर, मोहल्ले, शहर अपने राज्य अपने देश एवं समुद्र तटों से पॉलिथीन थेलो , सिंगल यूज? प्लास्टिक को हटाने का प्रयास कर रहे हैं।-माननीय प्रधानमंत्री भारत द्वारा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर हर साल "स्वच्छ भारत दिवस" के रूप में मनाया जाता है। साथ ही, इस वर्ष भारत स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की 10वीं वर्षगांठ को स्वच्छता ही सेवा अभियान के रूप में मना रहा है। स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस अभियान के तहत विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन पूरे देश भर में किया जा रहा है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम के साथ राष्ट्रव्यापी अभियान "स्वच्छ भारत मिशन - नया संकल्प" आयोजित कर रहा है। इस अभियान का उद्देश्य एकल-उपयोग प्लास्टिक के पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और जागरूकता पैदा करना है।



# शाहिद मौलाना सैयद हसन नसरुल्लाह साहब के इशाले शबाब की मजलिस हुई

**प्रकाश नाथ मुजफ्फरपुर**

**मुजफ्फरपुर।** ऑल इंडिया अंजुमने तबलीगे इमामे हुसैन की जानिब से शाहिद मौलाना सैयद हसन नसरुल्लाह साहब के इशाले शबाब की मजलिस जलील हुसैन हाउस पर हुई जिसमें कुरान की सूरह यासीन सूरह रहमान सूरह वाकिया सूरह जुमा दुआ ए तबस्सुल और जयारते असुरा की तिलावत की गई और हसन नसरुल्लाह साहब को इशाल किया गया मजलिस को अंजुमन के सदर अली अब्बास आबिद ने बयान करते हुए कहा जो रहे हक में मारे जाते हैं उन्हें कभी मुर्दा मत समझना वह हमेशा जिंदा है वह शहीद हैं वह खुद की तरफ से रिस्क पाते हैं जिस तरह कर्बला के मैदान में यजीद ने इमामे हुसैन अलैहिस्सलाम के 72 लोगों को शहीद करके यह समझ रहा था कि हमने बहुत बड़ा काम कर दिया लेकिन उसका नाम कयामत तक के लिए मिट गया जालिम चाहे जितना भी जुल्म कर ले हक पर चलने वाले हमेशा कामयाब होते हैं जब बातील ताकते सारे हरवे हथियार से जब हार जाते हैं तो वह मार दे मुजाहिद पर हमला करतेहै फिलिस्तीन और मस्जिदे अक्सा के लिए हसन नसरुल्लाह साहब ने कुबार्नी को पेश किया आज पूरी दुनिया में उन्हें याद किया जा रहा है और इंशाल्लाह फिलिस्तीन और मस्जिद अक्सा आजाद होकर रहेगा दुनिया के सारे यहूदी ताकते नेस्तो नाबुद हो जाएंगे इस बात दिल ताकतों का मुकाबला करके मौलाना हसन नसरुल्लाह साहब ने पूरे दुनिया के इंसानियत को पैगाम दे दिया की कभी भी बदल ताकत के सामने अपना कर न झुकाना और जीत हमेशा हक की होगी इसराइल और अमेरिका के हुकुम रानों का नामोनिशान मिट जाएगा जल्द वासीले जहन्नम हो जाएंगे ऐसे ऐसे लोगों को जहन्नम तलाश कर रहा है यह जहन्नम में जलाए जाएंगे मजलिस में मौलाना हसन नसरुल्लाह साहब के लिए सूरह फातिहा पढ़ाया गया और तमाम मुसलमान से सूरह फातिहा की गुजारिश की गई।



# वृद्ध दिवस पर जीएमसीएच बेतिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बेतिया जीएमसीएच मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी ने बताया की बीपी शुगर व कई प्रकार की जाँच के साथ दवाओं का हुआ वितरण किया गया साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने के उपाय बताए गए।डॉ अंसारी ने कहा कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य के हित में काम करना सरकार के साथ -साथ समाज की भी नैतिक जिम्मेवारी है। प्रायः देखा जा रहा है की परिवार व समाज में बुजुर्ग के सम्मान में कमी आ रहीं है,जबकि उनकी समय समय पर देखभाल स्वास्थ्य जाँच आवश्यक है। वृद्ध जनो का समाज व परिवार में सम्मान होना चाहिए।उन्होंने बताया की कई बुजुर्ग मरीज, सांस,ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर के मिलें जिनका निःशुल्क जांच कर चिकित्सकों द्वारा उन्हें आवश्यक दवाएं दी गई। बगहा अनुमदलीय अस्पताल के अधीक्षक डॉ अशोक तिवारी ने कहा की बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर का वरदान होते हैं, जिनके आशीर्वाद से हमारा पालन पोषण होता है, उनके प्रति मन में सम्मान और अटूट प्रेम होना स्वभाविक सी बात है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण होता है, उस अवस्था में उनके साथ होना, जब वे असहाय और अक्षम होते हैं। यही उनके प्रति अहमारे प्रेम और सच्ची श्रद्धा होती है। भले ही समयाभाव में यह हमेशा संभव न हो, लेकिन इस एक दिन हम उनके प्रति जितने समर्पित हो सकते हैं होना चाहिए, क्योंकि उन्हें सिवाए प्रेम के और कुछ नहीं चाहिए।




# उल्लास-उमंग के त्योहारी माहौल में सब मिलकर करें प्रयास, ताकि न हो कोई अप्रिय घटनाः मुख्यमंत्री

**लखनऊ, 01 अक्टूबरः-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्व-त्योहारों के अवसर पर पुलिस और प्रशासन को 247 अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी-बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र से छठ तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी एक भी अप्रिय घटना न घटे। उल्लास और उमंग का यह समय शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में बीते, इसके लिए बीट सिपाही से लेकर चौकी, थाना, जिला, रेंज, जोन, मंडल में तैनात हर अधिकारी को प्रयास करना होगा।



मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी व पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने त्योहारी माहौल में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गए प्रमुख दिशा-निर्देश0

* अगले दो दिनों में सभी दुर्गा पूजा कमेटियों से थाना, सर्किल और जनपद स्तर पर संवाद कर लिया जाए। कहीं भी सड़क खोद कर पंडाल न बनाया जाए। पंडाल बनाते समय यातायात की सुगमता का पूरा ध्यान रखा जाए। प्रतिमा की ऊंचाई एक सीमा से अधिक न हो। कमेटियों से बातचीत कर यह सुनिश्चित कराएं कि उनके परिसर में ऐसा कोई कृत्य नहीं होगा, जिससे किसी अन्य की आस्था आहत हो। फूहड़ अथवा कानफोड़ू गीत-संगीत-नृत्य नहीं होना चाहिए। कमेटी द्वारा पंडाल व आस-पास साफ-सफाई का माहौल बना कर रखना होगा।
* प्रतिमा विसर्जन का रूट पहले से स्पष्ट होना चाहिए। यह सुनिश्चित कर लें कि प्रतिमा विसर्जन रूट पर कहीं हाईटेंशन लाइन न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। पंडालों में फायर सेफ्टी के संबंध में आवश्यक प्रबन्ध होने चाहिए।
* बीट सिपाही से लेकर हल्का इंचार्ज और पुलिस कप्तान सहित हर अधिकारी सड़क पर उतरे। त्योहार के दिनों में कुछ अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस को अलर्ट रहना होगा। आम आदमी को उसकी सुनिश्चित सुरक्षा के लिए पूरा भरोसा दिलाना होगा।

प्रबंध संचालक से मिले कर्मचारी, कोर्ट का आदेश सौंपा

# श्रम न्यायालय ने आउटसोर्स कर्मचारियों को पुन: सेवा में लेने के दिए निर्देश

■ भोपाल

मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन की शाखा गाडरवारा, गोटेगांव, करेली में पदस्थ रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को श्रम न्यायालय ने पुन- सेवा में रखने के आदेश दिए हैं। इन कर्मचारियों को 2 साल पहले सेवा से हटा दिया गया था। न्यायालय ने उसी स्थान पर कर्मचारियों को रखने को कहा है, जहां वे पहले पदस्थ थे। सोमवार को कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई के नेतृत्व में यह कर्मचारी कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक से मिले और न्यायालय का आदेश सौंपा। बाजपेई ने बताया कि इन श्रमिकों को आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में सेवा न करने से हटा दिया गया था। ये 2 साल से श्रम न्यायालय में लड़े और अब न्यायालय ने कर्मचारियों को उसी स्थान पर सेवा में रखने के आदेश दिए हैं, जहां से उन्हें हटाया गया था। हमने प्रबंध संचालक को न्यायालय का आदेश सौंपा।



# एसबीआई के पूर्व सहायक महाप्रबंधक और पांच परिजनों को तीन साल की जेल

■ भोपाल

सीबीआई की विशेष अदालत ने एसबीआई के पूर्व सहायक महाप्रबंधक जितेंद्र प्रताप सिंह और उनके परिवार के पांच अन्य सदस्यों को आय से अधिक संपत्ति के मामले में तीन साल की कठोर कैद और 33,47,250 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला 2005 से लंबित था, जिसमें सीबीआई ने जांच के बाद आरोपियों पर भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगाया।

सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार शर्मा ने सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व सहायक महाप्रबंधक जितेंद्र प्रताप सिंह और उनके परिवार के पांच अन्य सदस्यों को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने सिंह पर 3,47,250 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

सीबीआई ने 30 जून 2005 को जितेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने 1 जनवरी 1999 से 2 अप्रैल 2005 के बीच अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर लगभग 19,17,684 रुपये की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी ज्ञात आय के स्त्रोतों से अधिक थी। जांच के दौरान भोपाल और बिलासपुर में सिंह के आवासीय परिसरों पर छापेमारी की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज, आभूषण और नकदी जब्त किए गए। जांच पूरी होने के बाद 24 अगस्त 2007 को सिंह और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। आरोप था कि जितेंद्र प्रताप सिंह ने विभिन्न स्थानों पर एसबीआई में सहायक महाप्रबंधक के रूप में काम करते हुए 37,13,113.95 रुपये की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी आय के स्त्रोतों से 143त्न अधिक थी। सिंह इस संपत्ति का संतोषजनक विवरण प्रस्तुत नहीं कर सके।

विशेष अदालत ने 27 फरवरी 2008 को जितेंद्र प्रताप सिंह और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) और 13(1)(ई) के तहत आरोप तय किए। केस के दौरान सीबीआई ने 94 गवाहों के बयानों और पुख्ता सबूतों के माध्यम से अभियोजन पक्ष का मजबूत पक्ष प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप सभी आरोपियों को दोषी करार दिया गया। विशेष न्यायाधीश ने जितेंद्र प्रताप सिंह व परिवार के सदस्यों को सजा सुनाई।

**कारवाई** खाद्य विभाग की टीम ने अशोकागार्डन में की कार्रवाई

# दो गैस रिफिलिंग सेंटर पर दबिश, 31 सिलेंडर-उपकरण जब्त

■ भोपाल

अशोका गार्डन स्थित दो गैस रिफिलिंग सेंटर पर सोमवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। यहां से कुल 31 घरेलू-व्यवसायिक सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे और अन्य उपकरण जब्त किए गए। गैस रिफिलिंग सेंटर पर इस महीने में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार समेत कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल, मोहित मेघवंशी और मयंक द्विवेदी की टीम ने अशोका गार्डन स्थित ऋषि इंटरप्राइजेस एवं प्रीति होम एप्लाईसेंस की जांच की। इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में सिलेंडर, गैस रिफिलिंग के उपकरण मिले।

**इतने सिलेंडर किए गए जब्तः** जांच में ऋषि इंटरप्राइजेस प्रोपराइटर प्रदीप असवानी पर 1 नग आंशिक भरा घरेलू गैस सिलेंडर क्षमता 14.2 केजी, 5 किलो ग्राम, व्यवसायिक गैस सिलेंडर 1 नग आंशिक भरा, 5 केजी अमानक स्तर के 7 नग खाली, 5 नग गैस अंतरण यंत्र जब्त किए गए। इसी तरह प्रीति होम एप्लाईसेंस अशोका गार्डन प्रोपराइटर इंदर रावत के यहां से 10 भरे, एक नग आंशिक भरा, दो खाली घरेलू गैस सिलेण्डर क्षमता 14.2 केजी, 5 केजी अमानक स्तर के सात नग खाली, 5 किलो ग्राम व्यवसायिक गैस सिलेंडर 1 नग आंशिक भरा, 3 केजी अमानक स्तर के दो नग खाली, एक नग तौल कांटा, दो नग गैस अंतरण यंत्र जब्त किए गए।



### कलेक्टर कोर्ट में पेश करेंगे प्रकरण


सिलेंडर और उपकरण जब्त करने के बाद मौके पर पंचनामा बनाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए। जिन्हें कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा।

### करोंद चौराहे से भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल तक अतिक्रमण हटाया

नगर निगम ने सोमवार को अतिक्रमण को हटाने की बड़ी कार्रवाई की। करोंद चौराहे से भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल तक किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान ठेले, गुमठी, काउंटर, पान पार्लर, फ्रेम, भवन निर्माण सामग्री सहित अन्य प्रकार की 17 ट्रक सामग्री जब्त की गई।

## सार संक्षेप

### कृति सेनन की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दो पत्ती' 25 अक्टूबर को होगी रिलीज



**मुंबईः** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म 'दो पत्ती' 25 अक्टूबर को रिलीज़ होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स हैंडल पर बताया कि शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती 25 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस थ्रिलर की एक झलक दिखाते हुए एक मिनट 32 सेकंड के वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की।नेटफ्लिक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म दो पत्ती के बहुप्रतीक्षित टीजर को एक कैप्शन के साथ साझा करते हुये लिखा, अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के है दो पहलू, दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज़ होगी, केवल नेटफ्लिक्स पर।

### एयर चीफ मार्शल सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का संभाला कार्यभार

**नई दिल्लीः** एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वायु सेना के अनुसार एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्हें वायु सेना मुख्यालय वायु सेना भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने नये वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल सिह को कार्यभार सौंपा। एयर चीफ मार्शल सिह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वायु सेना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने आठ और बागियों को किया निष्कासित

**चंडीगढ़ः** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में बागियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी रखते हुये सोमवार को आठ बागियों को निष्कासित किया।
प्रदेश पार्टी अध्यक्ष उदय भान के यहां जारी बयान के अनुसार इनमें चित्रा सरवरा, सतविन्दर राणा, कपूर सिंह नरवाल, मनोज कोसलिया, अजित गुलिया, शारदा राठोर, ललित नागर और सतबीर भाना शामिल हैं।
इससे पूर्व रविवार को वीरेंद्र गोगरिया और सोमवीर घोसाला को निष्कासित किया गया था और पिछले सप्ताह पार्टी ने 13 बागियों के खिलाफ कार्रवाई की थी, यानी पार्टी अब तक लगभग 25 बागियों को निष्कासित कर चुकी है।

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन और तेज होगा : माले

**दरभंगाः** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के पोलित ब्यूरो के सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने नीतीश सरकार पर कॉरपोरेट्स फ्रेंडली जनविरोधी प्रीपेड स्मार्टमीटर योजना को बिहार की जनता पर थोपने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी स्मार्टमीटर के खिलाफ आंदोलन को और तेज करेगी।
झा ने पार्टी कार्यालय में सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में स्मार्टमीटर के खिलाफ खड़े हो रहे चौतरफा आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को हर कीमत पर इसे वापस लेना होगा। सरकार बिना विकल्प के किसी योजना को उपभोक्ता के ऊपर थोप नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि बिहार के ऊर्जा विभाग के 10 वर्षों के कार्यकाल का सोशल ऑडिट होना चाहिए।

### भालू के हमले में संत घायल

**भरतपुरः** राजस्थान के सवाईमाधोपुर में रणथंभौर के कालभैरव दरवाजे के पास गौशाला के पीछे दादूपंथी मन्दिर में महात्मा आचार्य हितेश्वरानंद पर भालू ने जानलेवा हमला कर उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। रविवार देर रात हुई इस घटना में घायल हुए संत को गम्भीर हालत में सवाईमाधोपुर के जिला अस्पताल से आज अलसुबह जयपुर के लिए रेफर किया गया है।

# हरियाणा में बनेगी 36 बिरादरियों की सरकार : राहुल गांधी

● नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने हरियाणा के लोगों को एक दशक में बेपनाह दर्द दिये हैं और अब उनकी पीड़ा का अंतिम समय आ गया है।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने जिस तरह से हरियाणा के लोगों को पीड़ा दी है उसको दूर करने के लिए कांग्रेस एकजुट है और पूरी ताकत के साथ लोगों के साथ न्याय करेगी। हरियाणा में सबको न्याय मिलेगा और यहां की 36 बिरादरी की सरकार में भागीदारी होगी।

राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि हरियाणा में 'दर्द के दशक' का अंत करने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी शक्ति के साथ एकजुट है, संगठित है, समर्पित है। अब प्रदेश में



36 बिरादरियों की सरकार बनेगी, सबकी हिस्सेदारी तय करने वाली सरकार बनेगी, न्याय की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस की प्रदेश में आंधी चल रही है। राज्य में जो हालात बने हैं उससे हरियाणा का हर नागरिक परेशान है और उन्हें दर्द से मुक्ति देने के लिए कांग्रेस एकजुट है और मिलकर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की आंधी आ रही है - अब हाथ बदलेगा हालात। मोदी जी गरीबों की जेब से 'तूफान' की तरह पैसा निकाल कर, 'सुनामी' की तरह अडानी जी की तिजोरी में डाल रहे हैं।



सोमवार को हरियाणा के अंबाला के नारायणगढ़ के हुडा ग्राउंड में एक चुनावी रैली में पार्टी नेताओं प्रियंका गांधी, कुमारी शैलजा, भूपिंदर हुड्डा और केसी वेणुगोपाल और विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# भारत शांति के लिए प्रतिबद्धः मोदी

## भारत के प्रधानमंत्री ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतान्याहू से फोन पर की बात

● नई दिल्ली, एजेंसी

**इजराइल**-लेबनान तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार, 30 सितंबर को इजराइली पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात की है। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवाद का हमारे विश्व में कोई स्थान नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई है जब हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। लेबनान में इजराइली हमलों में अब तक 800 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। दोनों नेताओं की 45 दिनों में दूसरी बातचीत दोनों नेताओं के बीच पिछले 45 दिनों में फोन पर ये दूसरी बातचीत है। इससे पहले 16 अगस्त को दोनों नेताओं के बीच फोन पर बात हुई थी। उस समय भी ढट मोदी ने इजराइली प्रधानमंत्री को बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए हमास से युद्ध खत्म करने को कहा था। साथ ही सभी बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्ध विराम पर भी जोर दिया था। इजराइली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की डेडबॉडी रविवार को मिल गई। मेडिकल और सुरक्षा टीमों ने नसरल्लाह के शव को हमले वाली जगह से



बरामद किया। समाचार एजेंसी के मुताबिक नसरल्लाह के शरीर पर हमले के सीधे निशान नहीं हैं। उसकी मौत के पीछे तेज धमाके से हुए ट्रॉमा को वजह माना जा रहा है। नसरल्लाह की शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे इजराइल के हवाई हमलों में मौत हो गई थी। इजराइली सेना ने राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया था। इजराइल ने 2 महीने के भीतर हिजबुल्लाह की पूरी लीडरशिप को खत्म कर दिया है। इजराइल ने 30 जुलाई को लेबनान पर एक एयरस्ट्राइक में हिजबुल्लाह के दूसरे सबसे सीनियर लीडर फुआद शुकर को मार गिराया था। इसके ठीक अगले दिन 31 जुलाई को ईरान पर हमला कर हमास चीफ इस्माइल हानियेह को भी मार दिया था। अब हिजबुल्लाह की लीडरशिप में कोई सीनियर नेता नहीं बचा है। वहीं हमास की लीडरशिप में सिर्फ याह्या सिनवार जीवित है, जो गाजा में मौजूद है।

### हिजबुल्लाह और इजराइल आमने-सामने की जंग को तैयार

हिजबुल्लाह चीफ की मौत के बाद पहली बार संगठन के डिप्टी चीफ नईम कासिम ने जनता को संबोधित किया। कासिम ने इजराइल पर जनसंहार के आरोप लगाए। उसने कहा कि इजराइल अगर लेबनान में घुसपैठ करेगा तो हमारी फौज लड़ने को तैयार है। नसरल्लाह की मौत से हमारे प्लान में कोई बदलाव नहीं आया है। वहीं, इजराइल के रक्षा मंत्री रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने सेना को तैयार रहने के लिए कहा है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक उन्होंने सैनिकों से कहा कि हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह का खात्मा एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। हमारे पास जो क्षमताएं हैं, हम आगे उनका पूरा इस्तेमाल करेंगे। दूसरी तरफ, हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद पाकिस्तान और भारत समेत दुनियाभर में प्रदर्शन हो रहे हैं।

# सामाजिक विकास के लिए कानून का शासन जरूरीः मुर्मू

● नई दिल्ली,

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि कानून के शासन के कारण ही देश में आर्थिक तथा सामाजिक विकास संभव है और कानून के शासन की बहाली में पुलिस सेवा का महत्वपूर्ण योगदान है।

भारतीय पुलिस सेवा परिवीक्षाधीनों के एक समूह ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं में से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) का अपना एक महत्व है। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था न केवल शासन का आधार है बल्कि यह आधुनिक राज्य का भी आधार है। सरल शब्दों में कोई यह भी कह सकता है कि कई स्थानों और कई स्थितियों में वे साथी नागरिकों के लिए सरकार का चेहरा होंगे और वे राज्य की प्रशासनिक मशीनरी के साथ उनका पहला इंटरफेस होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि भारत आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य रखता है, इसलिए पुलिस अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास और



सामाजिक विकास केवल वहीं संभव है जहां कानून का शासन कायम है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने, न्याय सुनिश्चित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के बिना प्रगति एक अर्थहीन शब्द बन जाता है। मुर्मू ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हाल के वर्षों में भारतीय पुलिस सेवा में महिला अधिकारियों की संख्या तेजी से बढी है। उन्होंने कहा कि उनकी बढ़ती संख्या पुलिसिंग के समग्र चरित्र को बेहतरी के लिए बदल सकती है, पुलिस-सामुदायिक संबंधों में सुधार कर सकती है और राष्ट्र के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि कानून और व्यवस्था के रखरखाव, अपराध की रोकथाम और पता लगाने के साथ-साथ पुलिसिंग के अन्य पहलुओं की दृष्टि से प्रौद्योगिकी में प्रगति से लाभ हुआ है।

### यूनान के जंगल में भीषण आग, दो मरे

**एथेंस :** दक्षिणी यूनान के पेलोपोनिस प्रायद्वीप में लगी भीषण जंगल की आग में दो लोगों की मौत हो गई। यूनान पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पेलोपोनिस के डिप्टी गवर्नर अनास्तासियोस गियोलिस ने यूनान के सरकारी प्रसारक ईआरटी को बताया कि मृतक 35 और 40 साल के बीच की उम्र के थे और वह वहां के स्थानीय निवासी थे। दोनों पीड़ित जाइलोकास्त्रों शहर के पास आग की लपटों से जूझ रहे अग्निशामकों की स्वयंसेवकों के रूप में सहायता कर रहे थे। अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि प्रायद्वीप के उत्तरी भाग में एथेंस को पेट्रास बंदरगाह से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाइलोकास्त्रो और अक्राटा शहर के बीच लगभग 20 किलोमीटर तक फैले मोर्चे पर आग फैल रही है।

### पूर्वी स्पेन में हेलीकॉप्टर दुर्घटना, तीन मरे

**मैड्रिड :** पूर्वी स्पेन में स्थित एक शहर के पास रविवार को एक हेलीकाप्टर के बिजली लाइनों पर गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना पहाड़ी इलाके में पुकोल शहर के करीब हुई, जब तीनों वहां बिजली के तारों का निरीक्षण कर रहे थे। रिपोर्टों के अनुसार अभी तक अज्ञात कारणों से हेलीकॉप्टर एक हाई-वोल्टेज लाइन से टकरा गया और पास के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी लोग मारे गए। क्षेत्र में आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि उन्हें एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिली है जो पुकोल में विद्युत लाइनों पर निरीक्षण कर रहा था। उन्होंने कहा कि उन्होंने घटनास्थल पर एक हेलीकॉप्टर भेजा था जिसमें एक विशेष पर्वतीय बचाव समूह के सदस्य, एम्बुलेंस और तीन अग्निशमन वाहन शामिल है।

### तेंदुए के हमले से पुजारी की मौत

**उदयपुर :** राजस्थान में उदयपुर जिले के गोगुन्दा थाना क्षेत्र में आदमखोर तेंदुए के हमले में मंदिर के पुजारी की मौत हो गई। इस क्षेत्र में पिछले 15 दिन में तेंदुए के हमले में हुई यह छठी मौत है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के राठोडों का गुडा में गत रात्रि मंदिर में सो रहे पुजारी विष्णु महाराज को दबोच कर जंगल में ले गया। घटना की सूचना लोगों को सुबह मिलने पर पुलिस एवं वन विभाग के कार्मिकों के साथ विष्णु महाराज की तलाश की तो मदिर से करीब 300 मीटर दूर जंगल में उसका क्षत विक्षत शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गोगुन्दा सामुदायिक चिकित्सालय के मुर्दाघर में रखवाया है। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में तेंदुए का आतंक बना हुआ है। तेंदुए ने गत 18 सितम्बर को मवेशी चराने गयी किशोरी कमला का पहला शिकार किया था।



सोमवार को नई दिल्ली में एनएसआईसी ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट में सड़क की स्थिति का निरीक्षण करतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ।

# फिल्म 'इमरजेंसी' से हटेंगे विवादित सीन

### 'इमरजेंसी' के विवादित दृश्य को हटाने पर सहमत हैं कंगना रनौत

● मुंबई,

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' से सेंसर बोर्ड की पुनरीक्षण समिति की ओर से सुझाए गए कट और परिवर्तनों पर सहमति व्यक्त की है।

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने सोमवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी। सीबीएफसी के वकील डॉ अभिनव चंद्रचूड़ ने अदालत को सूचित किया कि रनौत ने वास्तव में पुनरीक्षण समिति द्वारा सुझाए



गए परिवर्तनों पर सहमति व्यक्त की है और बताया कि कटौती फिल्म की अवधि के बमुश्किल एक मिनट के बराबर है। जस्टिस बी पी कोलाबावाला और फिरदौस पी पूनीवाला की खंडपीठ जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा सीबीएफसी के खिलाफ कथित रूप से अवैध और मनमाने ढंग से इमरजेंसी को दिए गए प्रमाण पत्र को रोकने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही है। सीबीएफसी ने 19 सितंबर को पीठ को सूचित किया था कि संशोधन समिति ने फिल्म के कुछ दृश्य को हटाने सुझाव दिया है, जिसके बाद इसे रिलीज किया जा सकता है। सह-निर्माताओं ने यह पता लगाने के लिए समय मांगा कि क्या बदलाव किए जा सकते हैं। सोमवार को जब मामले की सुनवाई हुई तो जी स्टूडियो की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता शरण जगतियानी ने पीठ को सूचित किया कि रनौत ने सीबीएफसी के साथ बैठक की है और सुझाए गए दृश्यों को हटाने पर सहमति जताई है। अदालत ने मामले की सुनवाई तीन अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

# जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी



● श्रीनगर,

**जम्मू**-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

तीसरे चरण में 40 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, जिनमें से 16 कश्मीर घाटी में और 24 जम्मू में हैं। ये विधानसभा क्षेत्र सात जिलों कुपवाड़ा, बारामूला, बांदीपोरा, उधमपुर, कठुआ, सांबा और जम्मू में फैले हैं। जम्मू-कश्मीर में एक दशक में पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। पिछला विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था।

चुनाव के तीसरे चरण में न केवल 415 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, बल्कि यह भी पता चलेगा कि जम्मू-कश्मीर में 08 अक्टूबर को कौन सी पार्टी अगली सरकार बना सकती है। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम छह बजे तक चलेगा। चुनाव आयोग के मुताबिक 40 विधानसभा सीटों पर 39.18 लाख मतदाता पंजीकृत हैं तथा 5060 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। तीसरे चरण में 25 पूर्व मंत्री और विधायकों समेत कई नामचीन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में छंब विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता तारा चंद, बारामूला से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के बशारत बुखारी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी रमजान, भारतीय जनता पार्टी के शाम लाल शर्मा और देवेंद्र सिंह राणा तथा कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह और उस्मान मजीद शामिल हैं। कश्मीर में सबकी निगाहें अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) पर होंगी, जिसका नेतृत्व सांसद अब्दुल रशीद शेख कर रहे हैं, जिन्हें इंजीनियर रशीद के नाम से जाना जाता है। उन्हें अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहा किया गया था और उन्होंने विधानसभा चुनावों के लिए जमकर प्रचार किया है। जम्मू जिले में चुनावी मैदान में 109 उम्मीदवार हैं।

### तीसरे चरण में 25 पूर्व मंत्री और विधायकों समेत कई नामचीन उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला



फ्रांस के पेरिस में चीनी संस्कृति केंद्र में दूसरे चीन-फ्रांसीसी फैशन और संस्कृति उत्सव के दौरान झोउ राजवंश के कॉस्ट्यूम शो के हिस्से के रूप में रचना प्रस्तुत करती मॉडल।

# भारतीय संयम से स्थिति नियंत्रण में...

भारत की संयमपूर्ण बयानबाजी और किसी भी मुद्दे पर धैर्य धारण करके उसका बातचीत, संवाद के जरिए समाधान निकालने की पहल ही राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत सारी स्थितियों को नियंत्रण में रखने का कारक है... वरना लेबनान पर इजराइल हमले के बाद जिस तरह के हिंसक प्रदर्शन और कृत्य भारत में जम्मू-कश्मीर से लखनऊ तक में हो रहे हैं... उसके बाद तो किसी के पास भारत को रोकने का कोई कारण ही नहीं बनता... भारत ने नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश से लेकर पाकिस्तान, चीन सभी के संदर्भ में संयम का ही परिचय दिया है... संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को लेकर जो बात कही, वह बहुत गंभीर और निर्णायक है कि अब पाकिस्तान से बातचीत का एक ही मुद्दा है पीओके अर्थात गुलाम कश्मीर... फिर देश के रक्षा मंत्री ने भी पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि भारत पर किसी तरह का आतंकी हमला या घुसपैठ की करतूत होती है तो घर में घुसकर मारने से भारत नहीं चूकेगा... यूक्रेन-रूस का मसला हो या फिर इजराइल-लेबनान का ताजा विषय... भारत सधी हुई प्रतिक्रिया के साथ अपनी भूमिका पर अडिग है... ऐसी ही स्थिति चीन को लेकर भी भारत की हमेशा रही है... पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत और चीन के रिश्तों में निरंतर उतार-चढ़ाव एक जगजाहिर सच्चाई है... भारत ने अपनी ओर से किसी भी समस्या के हल के लिए हमेशा सकारात्मक रुख दिखाया, मगर भारत के कदमों पर चीन की प्रतिक्रिया उत्साहजनक नहीं रही... आमतौर पर चीन ने अपनी ताकत और धौंस दिखाई है... हालांकि भारत ने हर स्थिति में संयमित प्रतिक्रिया दी और सिर्फ इस वजह से दक्षिण एशिया का यह समूचा क्षेत्र फिलहाल शांत दिखता है... मगर इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के पास असीमित संयम है... समस्याओं का हल निकालने के चीन के आश्वासन के प्रति भारत के लिए पूरी तरह निश्चिंत होना मुश्किल रहा है... हालांकि संबंधों में सुधार को लेकर भारत ने हमेशा ही उत्सुकता दिखाई है, लेकिन कई बार हकीकत को लंबे समय तक नजरअंदाज करना संभव नहीं हो पाता है... इसीलिए तो भारत के विदेश मंत्री ने न्यूयार्क में स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच संबंध 'काफी बिगड़े हुए' हैं... लंबे समय से संबंधों को संभालने की एकतरफा कोशिश के बाद भारत की ओर से यह एक तरह से हकीकत का बयान है कि इस मामले में पिछले चार-पांच वर्षों में चीन का रवैया क्या रहा है... वह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिविधियों के जरिए उकसाने का मुद्दा हो या फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर किए गए दावों के जरिए अनुचित दखल का सवाल, चीन ने आए दिन अपनी चालबाजियों के जरिए अपना असली चेहरा दिखाया है... शांति और सहजता कायम रखने का भरोसा देने के कुछ ही दिन बाद उसकी ओर से कोई न कोई ऐसी हरकत की जाती है, जो किसी भी संप्रभु देश की सीमा में नाहक दखल ही है... सवाल है कि अगर भारत अपनी ओर से संयम और धैर्य का परिचय न दे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे हालात पैदा हो सकते हैं..! यह छुपा नहीं है कि चीन अक्सर नाहक ही सीमा पर अनुचित गतिविधियों के जरिए भारत को भड़काने की कोशिश करता रहा है, मगर भारत ने 2020 में गलवान में इसका ठोस जवाब देने के अलावा अब तक अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित ही रखा है, ताकि हालात और न बिगड़ें... भारत के इस संयम को अगर चीन इसकी कमजोरी के तौर पर देखता है, तो यह उसकी भूल है... विदेश मंत्री ने भी इसे अपने वक्तव्य में रेखांकित किया है कि भारत और चीन के रिश्ते एशिया के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और न केवल इस महाद्वीप को, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करेंगे... कुल मिलाकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत सदैव संयमपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता रहा है...

सामयिक



शाहीन सबा

# इतिहास की आंखों से ओझल क्यों मानगढ़ के बलिदानी

मानगढ़ धाम 17 नवंबर, 1913 की उस घटना का साक्षी है जिसमें अंग्रेजों ने पंद्रह सौ से अधिक आदिवासियों की जान ले ली थी। लेकिन इतिहास में इसका जिक्र तक नहीं है। क्या इस घटना की उपेक्षा इसलिए की गई क्योंकि इसमें बलिदानी हुए लोग आदिवासी थे जबकि जालियांवाला बाग में मारे गए लोग गैर-आदिवासी थे? क्या आप जानते हैं कि जालियांवाला बाग कांड के पहले भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में गुजरात-राजस्थान की सीमा पर अवस्थित बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ में अंग्रेज सैनिकों द्वारा करीब पंद्रह सौ आदिवासियों की हत्या की घटना दर्ज है, जिसे इतिहास के पन्नों में यथोचित स्थान नहीं दिया गया है। जालियांवाला बाग कांड को अंग्रेजों ने 13 अप्रैल, 1919 को अंजाम दिया था। इसके करीब 6 साल पहले, 17 नवंबर, 1913 को राजस्थान-गुजरात सीमा पर स्थित बांसवाड़ा जिले में अंग्रेजों ने करीब 1500 भील आदिवासियों को मौत के घाट उतार दिया था। परंतु आदिवासियों की इस शहादत को इतिहासकारों ने तवज्जो नहीं दी। मसलन, राजस्थान के इतिहासकार गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने इसे महज भीलों का उत्पात की संज्ञा दी है। दक्षिणी राजस्थान और गुजरात की सीमा पर स्थित राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के बागड़ की मानगढ़ पहाड़ी, आदिवासी अस्मिता और उनके ऐतिहासिक बलिदान का स्मारक है। स्थानीय लोग इसे 'मानगढ़ धाम' के नाम से जानते हैं।

दरअसल, मानगढ़ गवाह है भील आदिवासियों के अदम्य साहस और अटूट एकता का, जिसके कारण अंग्रेजों को नाकों चने चबाने पड़े थे। हालांकि यह एकजुटता गोविंद गुरु के नेतृत्व में बनी थी, जो स्वयं लंबाडा (बंजारा समाज) के थे। इसके बावजूद गोविंद गुरु का जीवन भील समुदाय के लिए समर्पित रहा। खास बात यह है कि उनके नेतृत्व में हुए इस ऐतिहासिक विद्रोह के निशाने पर केवल अंग्रेज नहीं थे, बल्कि वे स्थानीय रजवाड़े भी थे जिनके जुल्मों-सितम से भील समुदाय के लोग कराह रहे थे। भील और लंबाड़ा समुदाय के लोगों की बहादुरी के कारण ही उन्हें रजवाड़ों और अंग्रेजों ने भी अपनी सेना में शामिल किया था। पूंजा भील, जिसे महाराणा प्रताप अपना दाहिना हाथ मानते थे, की छवि तो मेवाड़ के राजचिह्न तक में दर्ज है।

गोविंद गुरु और उनका सामाजिक चेतना का आंदोलन -यह बात तब की है जब 1857 के सैन्य विद्रोह को एक साल भी नहीं हुआ था। पूरा देश उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा था। ऐसे समय में गोविंद गुरु का जन्म डूंगरपुर से करीब 23 किलोमीटर दूर बांसिया गांव में 20 दिसंबर, 1858 को एक लंबाडा (बंजारा) परिवार में हुआ। गोविंद गुरु बचपन से ही साधु प्रवृत्ति के थे। वे भील एवं लंबाड़ा लोगों पर जाने जाने अत्याचारों से आहत हो जाते थे। वे शोषण और दमन से मुक्ति की राह तलाश कर रहे थे।

वे यह समझ चुके थे कि जब तक शोषित समुदायों के लोग एकजुट नहीं होंगे तब तक कुछ नहीं किया जा सकता। इसीलिए वे क्षेत्रीय आदिवासी बसाहटों (बस्तियों) में जाकर उन्हें संगठित करने लगे। वे लोगों को संदेश देते कि रोज स्नान करो, शराब मत पीओ, मांस मत खाओ और चोरी मत करो। वे श्रम को महत्व देते और कहते थे कि खेती करो और मजदूरी से पेट भरो। बच्चों की शिक्षा के लिए भी वे लोगों को प्रेरित करते और स्कूल खोलने का आव्हान करते। वे रजवाड़ों और उनके द्वारा चलााई जाने वाली अदालतों से दूर रहने की बात कहते थे। गोविंद गुरु बहुत ही सहज तरीके से लोगों को समझाते थे कि वे न तो जुल्म करें और न जुल्म सहें। वे लोगों को अपनी माटी से प्रेम करने का संदेश देते।

आदिवासियों की एकजुटता से हिलने लगी थीं रजवाड़ों की चूलें-उनके द्वारा दी जाने वाली शिक्षा से लोग प्रभावित होने लगे और धीरे-धीरे दक्षिणी राजस्थान, गुजरात और मालवा के आदिवासी संगठित होकर एक बड़ी जनशक्ति बन गए। अपने जनाधार को विस्तार देने के लिए गोविंद गुरु ने वर्ष 1883 में 'संप सभा' की स्थापना की। भील समुदाय की भाषा में संप का अर्थ होता है - भाईचारा, एकता और प्रेम। संप सभा का पहला अधिवेशन वर्ष 1903 में हुआ।

दरअसल गोविंद गुरु राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश के आदिवासियों को शिक्षित बनाकर देश की मुख्य आवाज बनाना चाहते थे। उन्हें लगता था कि भारत की राजनीतिक परिस्थितियों को समझने के लिए अध्ययन करना, चिंतन करना और संगठन स्थापित करना जरूरी है। इसी से शोषण व उत्पीड़न से निपटा जा सकेगा। एक तरफ गोविंद गुरु के नेतृत्व में आदिवासी जागरूक हो रहे थे तो दूसरी ओर देशी रजवाड़े व उनकी संरक्षक अंग्रेजी हुकूमत आदिवासी एकता को अपने लिए खतरे के रूप में देखने लगी थी। देशी राजे-महराजे सदियों से भीलों से बेगारी कराते आए थे। वे अब भी चाहते थे कि भील बेगारी करें। मगर भील अब जाग चुके थे। उन्होंने बेगारी करने से इंकार कर दिया। शराब नहीं पीने के गोविंद गुरु के आव्हान के कारण शराब कारोबारियों का धंधा ठप पड़ गया। इन ठेकों से अंग्रेजी हुकूमत को टैक्स के रूप में आमदनी होती थी जो बंद हो गई। सूदखोरों के दिन भी लद चुके थे क्योंकि लोगों ने उनसे सूद पर पैसे लेने बंद कर दिया। आदिवासियों में बढ़ती जागरूकता से देशी रजवाड़े प्रसन्न नहीं थे। उन्हें भय सता रहा था कि जागृत आदिवासी कहीं उनकी रियासतों पर कब्जा न कर लें। दूसरी ओर सूदखोरों व लालची व्यापारियों ने भी रजवाड़ों पर दबाव बनाया। देशी रजवाड़ों के समर्थन में अंग्रेजी हुकूमत भी आदिवासियों के खिलाफ हो गई। जब अंग्रेजों ने पंद्रह सौ से अधिक आदिवासियों की जान ले ली। गोविंद गुरु के नेतृत्व में आदिवासी एकजुट होकर बदलाव की राह पर अग्रसर थे। 7 दिसंबर, 1908 को संप सभा का वार्षिक अधिवेशन बांसवाड़ा जिला मुख्यालय से सत्तर किलोमीटर दूर आनन्दपुरी के समीप मानगढ़ धाम में आयोजित हुआ। इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मानगढ़ उनका महत्वपूर्ण केंद्र बन गया था। सन 1913 में गोविंद गुरु के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आदिवासी मानगढ़ में जुटे। वे अपने साथ राशन-पानी भी लाए थे। उनके विरोधियों ने यह अफवाह फैला दी कि आदिवासी रियासतों पर कब्जा करने की तैयारी में जुटे हैं। उस समय गुजरात बंबई राज्य के अधीन था। बंबई राज्य का सेना अधिकारी अंग्रेजी सेना लेकर 10 नवंबर 1913 को पहाड़ी के पास पहुंचा। सशस्त्र भीलों ने बलपूर्वक आयुक्त सहित सेना को वापस भेज दिया। सेना पहाड़ी से थोड़ी दूर पर ठहर गई। 12 नवंबर 1913 को एक भील प्रतिनिधि पहाड़ी के नीचे उतरा और भीलों का मांगपत्र सेना के मुखिया को सौंपा मगर बात बन नहीं पाई। समझौता न होने से डूंगरपुर और बांसवाड़ा के रजवाड़ों ने अहमदाबाद के कमिश्नर को सूचित किया कि अगर जल्द ही 'संप सभा' के भीलों का दमन न किया गया तो वे उनकी रियासत लूटकर अपनी रियासत खड़ी करेंगे, जिससे अंग्रेजी सरकार की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। अंग्रेज अधिकारी सतर्क हो गए। वे भीलवाड़ा की मांग से अवगत थे। इसलिए तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्होंने मेवाड़ छावनी से सेना बुला ली। यह सेना 17 नवंबर 1913 को मानगढ़ पहुंची और पहुंचते ही फायरिंग शुरू कर दी। एक के बाद एक कुल पंद्रह सौ लाशें गिरीं। गोविंद गुरु के पांव में गोली लगी। वे वहीं गिर पड़े। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मुकदमा चला और उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई। मगर बाद में फांसी को आजीवन कारावास में बदल दिया गया। अच्छे चाल-चलन के कारण सन 1923 में उन्हें रिहा कर दिया गया। रिहा होने के बाद वे गुजरात के पंचमहल जिला के कंबोई गांव में रहने लगे। जिंदगी के अंतिम दिनों तक जन-कल्याण कार्य में लगे रहे। वहीं सन 1931 में उनका देहांत हो गया। आज भी पंद्रह सौ आदिवासियों की शहादत मानगढ़ पहाड़ी के पत्थरों पर उत्कीर्ण हैं। भीलों ने जिस धूनी को जलाया था, वह आज भी जल रही है। पुलिस ने गोविन्द गुरु को गिरफ्तार कर पहले फांसी और फिर आजीवन कारावास की सजा दी। 1923 में जेल से मुक्त होकर वे भील सेवा सदन, झालोद के माध्यम से लोक सेवा के विभिन्न कार्य करते रहे। 30 अक्टूबर 1931 को ग्राम कम्बोई गुजरात में उनका देहान्त हुआ। प्रति वर्ष मार्गशीर्ष पूर्णिमा को वहां बनी उनकी समाधि पर आकर लाखों लोग उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।



प्रहलाद सबनानी

कानून

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' भारत की आवश्यकता

किसी भी देश की लोकतंत्रीय प्रणाली में समय पर चुनाव कराना एक महत्वपूर्ण कार्य होता है। चुनाव किस प्रकार हों, समय पर हों एवं सही तरीके से हों, इसका बहुत महत्व होता है। परंतु देश में चुनाव बार-बार होना भी अपने आप में ठीक स्थिति नहीं कही जा सकती है। विश्व के कई देशों, यथा स्वीडन, ब्राजील, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका आदि में समस्त प्रकार के चुनाव एक साथ ही कराए जाने के नियम का पालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। चुनाव एक साथ कराने के कई फायदे हैं जैसे इन देशों में चुनाव कराने संबंधी खर्चों पर नियंत्रण रहता है। दूसरे, सुरक्षा हेतु पुलिसकर्मियों एवं चुनाव करवाने के लिए स्थानीय कर्मचारियों की बड़ी मात्रा में आवश्यकता को कम किया जा सकता है। तीसरे, देश में चुनाव एक साथ कराने से अभिशासन पर अधिक ध्यान दिया जा सकता है एवं चौथे विभिन्न स्तर के चुनाव एक साथ कराने से चुनाव में वोट डालने वाले नागरिकों की संख्या में निश्चित ही वृद्धि होती है, क्योंकि नागरिकों को मालूम होता है कि पांच साल में केवल एक बार ही वोट डालना है। अतः वह अन्य कार्यों को दरकिनार करते हुए अपने वोट डालने के अधिकार का उपयोग करना पसंद करता है। इसी प्रकार यदि कोई नागरिक किसी अन्य नगर यथा दिल्ली में कार्य कर रहा है और उसके मुंबई का निवासी होने चलते उसे वोट डालने के लिए मुंबई जाना होता है तो पांच वर्ष में एक बार तो इस महान कार्य के लिए वह दिल्ली से मुंबई आ सकता है परंतु पांच वर्षों में पांच बार तो वह दिल्ली से मुंबई नहीं जा पाएगा। इसके अलावा लोकसभा, विधानसभाओं, स्थानीय निकायों एवं पंचायतों के चुनाव अलग अलग होने से विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी, इनमें केंद्र



सरकार एवं राज्य सरकारों के मंत्री आदि भी शामिल रहते हैं, अपना सरकारी कार्य छोड़कर चुनाव प्रचार के लिए अपना समय देते हैं। जबकि, यह समय तो उन्हें देश एवं प्रदेश की सेवा में लगाना चाहिए। इससे देश में अभिशासन की गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए गठित उक्त विशेष समिति ने यह सलाह दी है कि शुरुआत में लोकसभा एवं समस्त प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते है। यदि ऐसा होता है तो यह भी सही है कि देश में लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव एक साथ कराने के लिए संसाधनों की भारी मात्रा में आवश्यकता पड़ेगी, इसका हल किस प्रकार निकाला जाएगा। इस पर भारतीय संसद में विचार किया जा सकता है। साथ ही, भारत में 6 राष्ट्रीय दल, 54 राज्य स्तरीय दल एवं 2000 से अधिक गैर मान्यता प्राप्त दल हैं जिनके बीच में सामंजस्य स्थापित करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही, भारत में अंतिम बार लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव एक साथ 1960 के दशक में कराए गए थे। आज भारतीय नागरिकों को भी शिक्षित करने की आवश्यकता होगी कि लोकसभा, विधानसभाओं एवं स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ किस प्रकार कराए जा सकते हैं ताकि उन्हें वोट डालने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इन समस्याओं का हल भारतीय संसद में चर्चा के दौरान निकाला जा सकता है। यदि किसी कारण से केंद्र में लोकसभा अथवा किसी प्रदेश में विधानसभा पांच वर्ष की समय सीमा के पूर्व ही गिर जाती है, तो लोकसभा अथवा उस प्रदेश की विधानसभा के चुनाव शेष बचे हुए समय के लिए पुनः कराए जा सकते हैं, ऐसे प्रावधान को कानूनी रूप प्रदान दिया जा सकता है। इससे विभिन्न राजनैतिक दलों के सांसदों एवं विधायकों पर भी यह दबाव रहेगा कि वे लोकसभा अथवा विधानसभा को समय पूर्व भंग कराने अथवा गिराने का प्रयास नहीं करें। वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में कुछ संशोधन तो देश के वर्तमान कानून में करने ही होंगे और फिर पूर्व में भी विभिन्न विषयों पर अलग-अलग खंडकाल में (समय-समय पर) 100 बार से अधिक संशोधन कानून में किए ही जा चुके हैं। यह तर्क भी सही नहीं है कि देश में एक साथ चुनाव कराने से भारत के नागरिक केंद्र एवं राज्यों में एक ही राजनैतिक दल की सरकार चुनने को प्रोत्साहित होंगे। देश में ऐसा कई बार हुआ है कि लोकसभा एवं विधानसभा के एक साथ हुए चुनवा में लोकसभा में एक दल के सांसद को चुना गया है एवं विधानसभा में किसी अन्य दल के विधायक को चुना गया है। भारत आज एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे समय में भारत को अपने संसाधनों का उत्पादक कार्यों के लिए उपयोग करना आवश्यक होगा न कि रक्षा एवं सरकारी कर्मचारी देश में बार-बार हो रहे चुनाव के कार्यों में व्यस्त रहें। कुलमिलाकर वन नेशन वन इलेक्शन, देश के हित में उठाया जा रहा एक मजबूत कदम है। इस विषय पर, भारत के हित में, देश के समस्त राजनैतिक दलों को गम्भीरता से विचार कर इस नियम को भारत में लागू किया जाना चाहिए। **(लेखक भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक हैं)**

# आप गलतफहमी में है।

गलतफहमियाँ तो बहुत सारी है, सुबह से शाम इंसान गलतफहमियों में ही है पर यहां एक ऐसी मुगालतें की बात कर रहे हैं जो आजकल कुछ लोगों में ज्यादा ही आ गई है। समाज आपस में इतना बंटा हुआ कभी नही था। पर इस समय दोस्तों में, गलियारों में, घरों में, ऑफिस में एक अनदेखी, नासमझी दीवार सी है। लोग बस ऊपर ऊपर से बात करते हैं यहां तक कि दोस्त भी आपस में खुल कर अपने विचार रखने से घबरा रहें हैं। अगर हम समाज को थोड़ा सा गौर से देखें तो पातें है की आजकल जिस तरह से समाज में नफरत घुल रही है वो परेशान करने वाली है। ये नफरत ज्यादातर एक धर्म के खिलाफ देखने को मिल रही है। पहले जिनके अंदर भी ये नफरत थी वो खुलकर नही बोलते थे, बंद कमरों में बोलते थे, थोड़ा पर्दा रखते थे क्योंकि समाज में उस नफरत को, हिंसा को हिकारत की नजर से देखा जाता था, पर अब ऐसा नही है ऐसा चलन है की जितना आप खुल के दूसरे के धर्म को नीचा दिखायेंगे उतना ही अपने धर्म को मानते हैं, अभी एक वीडियो आया था जिसमें एक आदमी ट्रेन की ऊपर बर्थ पर अपने ईश्वर को याद कर रहा था ये देख कर नीचे बैठे कुछ बच्चे अपने ईश्वर का नाम जोर जोर से चिल्लाने लगे। अपने त्यौहार पर अपनो के बीच खुशियां मनाने के बजाय लोग दूसरे धर्म के धार्मिक स्थलों के सामने नारे लगाते है। ये दिखाने की कोशिश करते की हम ज्यादा ताकतवर है ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां लोगों ने ऐसा किया है जहां दूसरी कौमों को डराने की कोशिश हुई है। अपने धर्म को अच्छा बताने के लिए दूसरे धर्म को खराब बताने का चलन पता नही कब कैसे ये प्रचलन बन गया। जसप्रीत सिंह एक स्टैंडअप कॉमेडियन है उन्होंने बहुत अच्छी बात कही कि शायद सभी धर्मो के धर्मग्रंथों में सिखाया गया होगा की अहंकार नही करना है और हमने क्या किया0 अपने धर्म पर ही अहंकार कर लिया। अलग अलग तरह की भ्रांतियां फैली हुई है और उन्ही भ्रांतियों को लेकर लोग मन में जहर लेकर घूम रहे हैं। बाहुल्य समाज को ये बरगलाया जा रहा है की आप खतरे में हैं। अरे 2000 साल तक हम पर शासन किया गया तब हमारे धर्म को कुछ नही हुआ तो अब क्या होगा। खुद के धर्म को इतना कमजोर मत समझो। इसकी बुनियाद बहुत मजबूत है ऐसे खतरे में नही आ रहा।ये सब राजनीतिक हथियार है। कुछ लोग सिर्फ इसी बहाने सत्ता की रोटियां सेक रहे हैं। वे हमारे बच्चों को आपस में लड़वाते है और खुद के बच्चों को अच्छे अच्छे स्कूल-कॉलेजों में भेजते हैं, धर्म जाति की इन लड़ाई वाली बातों से दूर रखते हैं। हां हर समाज में, धर्म में, जातियों में कुछ लोग होते है जिनकी नियत साफ नही होती उन्हे पहचानो और बाहर करो। उनकी सजा किसी बेगुनाह को क्यूं देनी है। हर धर्म इंसान को यही सिखाता है अपने अंदर शांति खोजो' लोगो के अंदर इतनी नफरत देखकर हैरान रह जाता हूं। कपड़ो और रंगो को भी धर्म से जोड़ दिया है। कपड़ो से आपको पहचाना जाता है, और होली में एक रंग के गुलाल देख लें तो लाने वालो को टारगेट कर देते हैं। सोचिए किसी इंसान को सिर्फ इसलिए घर किराए पर या खरीदने को नही मिलता क्योंकि वो एक धर्म से है, और जब वो कहीं दूसरी जगह एक पास रहें तो उसे मिनी पाकिस्तान के देते हैं। अरे ये वही लोग है जिनके बुजुर्ग इसी मुल्क में रहे धर्म के नाम हो रहे बटवारे में दूसरे मुल्क नही गए। इसी जमीन को मादरे वतन समझा। पता नही इतनी नफरत लेकर लोग घर कैसे जाते हैं, कैसे अपने परिवार और बच्चों को प्यार करते होंगे। ये कौन लोग है जिन्हे उनके परिवार वाले, रिश्तेदार, उनके दोस्त, उनको प्यार करने वाली लड़की या लड़का कभी टोकते नही



क्या? कभी ये नही पूछते की इतनी नफरत कहां से आ रही है या उन्हे भी ये सब नॉर्मल लगता है। एक बात कहना चाहता हूं की आप एक धर्म से नफरत करते हैं और उस धर्म के लोगों को अपने आस पास से हटा देना चाहते है। और आपको लगता है जब ये हट गए तो आपको सुकून मिल जायेगा तो एक बात याद रखना जो इस लेख का शीर्षक भी है की आप गलतफहमी में हैं। नफरत करना एक अवगुण है, अगर आपके अंदर आ गया तो आप किसी न किसी से नफरत करते रहेंगे आज दूसरे धर्म से कर रहे है कल ये नही रहेंगे तो नीची जाती वाले से करेंगे फिर दूसरे जेंडर से करेंगे, उसके बाद दूसरे समाज वालो से करेंगे। इससे अच्छा है प्यार करना सीखें, भरोसा करना सीखें, अमन-चैन रहेगा और मन से भी खुश रहेंगे।

**राहत इंदौरी साब का शेर है**
**आप हिन्दू , मैं मुसलमान, ये ईसाई, वो सिख**
**यार छोड़ो0**
**ये सब सियासत है चलो इश्क करें0**

विचारबोध



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

# सोशल मीडिया का दुष्परिणाम संबंधों में दरार

आपसी संबंधों में दरार का नया कारण सोशल मीडिया का नया चलन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ समय से फ्लैगिंग का नया ट्रेंड चल पड़ा है। पहली बात तो यह कि लोगों का सोशल मीडिया पर रुझान तेजी से बढ़ा है और कोढ़ में खाज यह कि सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी तेजी से चल पड़ा है। मजे की बात यह कि सोशल मीडिया पर रिएक्शन नहीं आना भी डिप्रेशन का कारण बन रहा है तो सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का रिएक्शन भी तनाव का कारण बनती जा रही है। इन दिनों फ्लैगिंग का नया दौर चल पड़ा है पर इसमें भी अधिक तो यह कि बेज फ्लैगिंग का नया ट्रेंड साथी को अधिक प्रताड़ित करने लगा है। प्रताड़ना का मतलब तनाव का प्रमुख कारण होने से हैं।

देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल सवा साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं वहीं सोशल मीडिया से जुड़ें लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। नए ट्रेंड को भले ही सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता गंभीरता से नहीं ले रहे हो पर जिस किसी पर नए ट्रेंड के अनुसार फ्लैगिंग के माध्यम से कमेंट्स किए जा रहे हैं उसका असर अंदर तक पहुंच रहा है। दर असल पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में इशारों-इशारों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का नया चलन तेजी से चला है। एक और जहां इमोजी का प्रयोग आम है तो फ्लैगिंग का नया चलन उससे भी अधिक गंभीर है। सोशल मीडिया पर इन दिनों बेज फ्लैग का चलन कुछ ज्यादा ही चला है। बेज फ्लैग का सीधा सीधा मतलब यह निकाला जा रहा है कि इस तरह का व्यवहार जो ना तो अच्छा है और ना ही बुरा, लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया संबंधित को सोचने को मजबूर कर देती है। खासतौर से इसका चलन आपसी रिश्तों को लेकर किया जा रहा हैं और इससे संबंधित में एक तरह की हीन भावना आती है और उसका दुष्परिणाम हम सब जानते ही हैं। इससे पहले साथियों को रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग का लेबल दिया जाता रहा है। हालांकि यह भी नकारात्मक ही है। रेड फ्लैग जहां समस्या से ग्रसित व्यवहार को दर्शाता है तो ग्रीन फ्लैग को अच्छे व्यवहार के रुप में देखा जाता रहा है। यानी कि आप अपने साथी को लेबल दे रहे हैं और वह लेबल ही साथी का आपके प्रति और आपका साथी के प्रति व्यवहार को दर्शाता है।

दरअसल बेज फ्लैग जैसे रिमार्क से रिश्तों में कड़वाहट आती ही आती है। शिकागो की चिकित्सक मिशेल हर्जोग तो चेतावनी देते हुए कहती है कि ऐसे लेबलिंग से रिश्तों में खटास तय ही हैं। बेज फ्लैग जैसे लेबल जहां कोई समस्या नहीं हैं वहां भी संभावित समस्या पैदा कर देते हैं। हालांकि यह नए-नए ट्रेंड सोशल मीडिया पर अपने फालोअर्स बढ़ाने और इंफ्लूएसर मार्केटिंग के किए जाते हैं पर इनका असर काफी गहरा देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर सायबर बूलिंग आम होती जा रही है। सायबर बूलिंग में डराने धमकाने के मैसेजों के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से टार्चर किया जाता है। संबंधित व्यक्ति अपने आत्मसम्मान पर ठेस समझता है और इसके कारण अत्यधिक सेंसेटिव व्यक्ति तो तनाव में चला जाता है। इससे उसकी दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित होने लगती है। देखा जाए तो सोशल मीडिया आपसी जुड़ाव का माध्यम होना चाहिए पर जिस तरह का ट्रेंड चल रहा है वह जुड़ाव के स्थान पर विलगाव का अधिक कारण बन रहा है। जाने अनजाने में सामने वाले को गहरी ठेस लगती है। **(लेखक स्तंभकार हैं)**

# अश्विन ने कानपुर टेस्ट को बनाया रोमांचक

## बांग्लादेश को पहली पारी में 233 रन पर समेटा, भारत ने पहली पारी 285 रन पर घोषित की



### जयसवाल (72), केएल राहुल (68), विराट कोहली (47) और गिल (39) रन की पारी खेली

● कानपुर, ब्यूरो

**यशस्वी** जयसवाल (72) और केएल राहुल (68), विराट कोहली (47) और शुभमन गिल (39) रनों की शानदार पारियों के बाद अश्विन ने बांग्लादेश की दूसरी पार में दो विकेट झटकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को मैच को रोमांचक बना दिया है।

बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम और जाकिर हसन ने दूसरी पारी में संभल कर खेलने का प्रयास किया। कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाजों को आजमाने के बाद आठवें गेंद आर अश्विन को थमाई और उन्होंने पहली ही गेंद को सार्थक करते हुए जाकिर हसन (10) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए हसन महमूद (चार) को बोल्ड कर अश्विन ने बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय शादमान इस्लाम (07) और मोमिनुल हक (नाबाद 00) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर से अश्विन ने पांच ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल,विराट कोहली और शुभमन गिल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन नौ विकेट पर 285 के स्कोर पर 52 रनों की बढ़त के साथ पारी घोषित कर दी थी। बांग्लादेश को पहली पारी में 233 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारत की यशस्वी जयसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिए 3.5 ओवर में 55 रन जोड़ डाले। चौथे ओवर में मेहदी हसन मिराज ने रोहित शर्मा को बोल्ड आउट किया। रोहित ने 11 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 23 रन बनाए। 15वें ओवर में हसन महमूद ने शतक की ओर बढ़ रहे जयसवाल को बोल्ड कर भारत को बड़ा झटका दिया। जयसवाल ने 51 गेंदों में दो छक्के और 12 चौकों की मदद से 72 रनों की पारी खेली। शुभमन गिल (39), पंत (9) रन बनाकर आउट हुए। विराट कोहली ने 35 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (47) रनों की पारी खेली। केएल राहुल ने 43 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए (68) रन बनाए। रवींद्र जडेजा (08) और आर अश्विन (12) रन बनाकर आउट हुए। भारत ने 34.4 ओवर में नौ विकेट पर 285 के स्कोर पर पारी घोषित की। बांग्लादेश की ओर से शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज ने चार-चार विकेट लिए। हसन महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह और अन्य गेंदबाजों ने वर्षा बाधित दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन बांग्लादेश की पहली पारी को 233 के स्कोर पर समेट दिया था। करीब ढाई दिन बारिश और आउटफील्ड गीला होने के कारण सुबह बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम का स्कोर 112 रन हुआ था कि जसप्रीत बुमराह ने मुशफिकुर रहीम (11) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने लिटन कुमार दास (13) को रोहित शर्मा के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश को पांचवां झटका दिया। शकिब अल हसन (9) को अश्विन ने आउट किया। लंच के समय तक बांग्लादेश ने छह विकेट पर 210 रन बना लिए थे। लंच के बाद बांग्लादेश का सातवां विकेट मेहदी हसन मिराज के रूप में गिरा। जमने का प्रयास कर रहे मेहदी हसन मिराज (20) को बुमराह ने गिल के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद तैजुल इस्लाम (5) को बुमराह ने बोल्ड कर दिया। हसन महमूद (01) को मोहम्मद सिराज ने पगबाधा आउट किया। रविंद्र जडेजा ने खालिद अहमद (00) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर बांग्लादेश



### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जाकिर का जयसवाल बो आकाश | 00 | 24 | 0 | 0 |
| इस्लाम पगबाधा बो आकाश | 24 | 36 | 4 | 0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 107 | 194 | 17 | 1 |
| नजमुल पगबाधा बो अश्विन | 31 | 57 | 6 | 0 |
| रहीम बो बुमराह | 11 | 32 | 2 | 0 |
| लिटन का रोहित बो सिराज | 13 | 30 | 3 | 0 |
| शाकिब का सिराज बो अश्विन | 09 | 17 | 2 | 0 |
| मेहदी का गिल बो बुमराह | 20 | 42 | 4 | 0 |
| तैजुल बो बुमराह | 05 | 8 | 1 | 0 |
| हसन पगबाधा बो सिराज | 01 | 4 | 0 | 0 |
| खालिद का एंड बो जडेजा | 00 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12 रन

कुल 74.2 ओवर में 233 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-26, 2-29, 3-80, 4-112, 5-148, 6-170, 7-224, 8-230, 9-231, 10-233

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 18 | 7 | 50 | 3 |
| मोहम्मद सिराज | 17 | 2 | 57 | 2 |
| रवि अश्विन | 15 | 1 | 45 | 2 |
| आकाश दीप | 15 | 6 | 43 | 2 |
| रवींद्र जडेजा | 9.2 | 0 | 28 | 1 |

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल बो महमूद | 72 | 51 | 12 | 2 |
| रोहित शर्मा बो मिराज | 23 | 11 | 1 | 3 |
| गिल का महमूद बो शाकिब | 39 | 36 | 4 | 1 |
| पंत का महमूद बो शाकिब | 09 | 11 | 0 | 0 |
| विराट कोहली बो शाकिब | 47 | 35 | 4 | 1 |
| राहुल स्टंप लिटन बो मिराज | 68 | 43 | 7 | 2 |
| जडेजा का शान्तो बो मिराज | 08 | 13 | 0 | 0 |
| रवि अश्विन बो शाकिब | 01 | 4 | 0 | 0 |
| आकाश का खालिद बो मिराज | 12 | 5 | 0 | 2 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 5 रन

कुल 34.4 ओवर में नौ विकेट पर 285 रन पर पारी घोषित

विकेट पतन: 1-55, 2-127, 3-141, 4-159, 5-246, 6-269, 7-272, 8-284, 9-285

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| हसन महमूद | 6 | 0 | 66 | 1 |
| खालिद अहमद | 4 | 0 | 43 | 0 |
| मेहदी हसन मिराज | 6.4 | 0 | 41 | 4 |
| तैजुल इस्लाम | 7 | 0 | 54 | 0 |
| शाकिब अल हसन | 11 | 0 | 78 | 4 |

| बांग्लादेश दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शादमान इस्लाम नाबाद | 07 | 40 | 1 | 0 |
| जाकिर हसन पगबाधा अश्विन | 10 | 15 | 1 | 0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 04 | 9 | 1 | 0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05 रन

कुल 11 ओवर में दो विकेट पर 26 रन

विकेट पतन: 1-18, 2-26

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 3 | 1 | 3 | 0 |
| रवि अश्विन | 5 | 2 | 14 | 2 |
| आकाश दीप | 3 | 2 | 4 | 0 |

## विराट कोहली ने 27 हजार इंटरनेशनल रन पूरे किए

**कानपुर, ब्यूरो**: विराट कोहली ने तीनों फॉर्मेट में 27 हजार इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बने, उन्होंने इसके लिए 594 पारियां लीं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर ने 623 पारियों में 27 हजार इंटरनेशनल रन बनाए थे। दूसरा टेस्ट शुरू होने से पहले विराट को 27 हजार रन पूरे करने के लिए 35 रन की जरूरत थी। विराट ने तेजी से बैटिंग की और 35 रन बनाकर 27 हजार रन पूरे कर लिए। वहीं भारत ने टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज टेस्ट सेंचुरी पूरी कर ली है। इस कारनामे के लिए भारत ने महज 10.1 ओवर लिए। टीम ने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा। उस समय भारत ने 100 रन बनाने के लिए 12.2 ओवर में लिए थे। इससे पहले टीम ने सबसे तेज टेस्ट हाफ सेंचुरी भी पूरी की।



## जडेजा ने टेस्ट में पूरे किए 300 विकेट

**कानपुर, ब्यूरो** : रवींद्र जडेजा ने बांग्लादेश की पारी में आखिरी विकेट लिया, यह पारी में उनका पहला विकेट रहा। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट में 300 विकेट का आंकड़ा भी पार कर लिया। वह 300 टेस्ट विकेट लेने वाले भारत के 7वें ही खिलाड़ी बने। इतना ही नहीं, जडेजा 300 विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे लेफ्ट आर्म स्पिनर बने। उनसे पहले श्रीलंका के रंगना हेराथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी ही ऐसा कर सके थे। एशिया में सबसे तेज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 3000 रन और 300 विकेट का डबल रिकॉर्ड बनाने के लिए 74 मैच ही लिए। वह इस रिकॉर्ड तक पहुंचने वाले एशिया में सबसे तेज खिलाड़ी बने। दुनिया में वह दूसरे नंबर पर पहुंचे। उनसे पहले इंग्लैंड के ईयान बॉथम ने 72 टेस्ट में 3000 रन और 300 विकेट का डबल रिकॉर्ड हासिल किया था। वहीं यशस्वी ने 31 बॉल पर फिफ्टी लगाई भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 31 बॉल पर ही फिफ्टी लगा दी। वह भारत के लिए सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले प्लेयर्स में तीसरे नंबर पर पहुंचे। उनसे पहले ऋषभ पंत 28 बॉल पर और कपिल देव 30 बॉल पर फिफ्टी लगा चुके हैं।

## सार संक्षेप

### दक्षिण अफ्रीका बांग्लादेश दौरे के लिए 15 सदस्यीय टेस्ट टीम की घोषित

**केपटाउन** : दक्षिण अफ्रीका ने अगले महीने होने वाले बांग्लादेश के टेस्ट दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीका ने 21 अक्टूबर से शुरु होने वाले बांग्लादेश दौरे के लिए तीन स्पिनर वाली टीम में सेनुरन मुथुसामी ने एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। केशव महाराज और डेन पीट पर स्पिन आक्रमण की जिम्मेदारी होगी। ऑलराउंडर सेनुरन ने तीन टेस्ट मैच खेले हैं। इस टीम में एकमात्र मैथ्यू ब्रीट्जके अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। टेम्बा बावुमा दो मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी टीम की अगुवाई करेंगे। पहला टेस्ट ढाका में तथा दूसरा टेस्ट चटगांव में आयोजित किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका टीम के मुख्य टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि बांग्लादेश का दौरा करना हमेशा से ही मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा वे घरेलू मैदान पर एक मजबूत टीम हैं और हमें सामने आने वाली चुनौती के लिए तैयार रहना होगा। इसलिए हमने वहां सामने आने वाली परिस्थितियों के हिसाब से टीम चुनी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास तीन फ्रंटलाइन स्पिनर हैं और उनमें से सभी जरूरत पड़ने पर किसी भी समय अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। सेनुरन जैसे खिलाड़ी के लिए यह एक बेहतरीन मौका है, जिसमें बल्ले और गेंद दोनों से छाप छोड़ने की क्षमता है। हम वास्तव में यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह क्या कर सकते हैं। बांग्लादेश के लिए दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीमः टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंगहैम, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोर्जी, केशव महाराज, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन, डेन पिडट, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेलटन और काइल वेरिन।

### जम्मू में निर्धारित कार्यक्रम पर होंगे लीजेंड लीग क्रिकेट मैच

**जम्मू** : लीजेंड लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन अक्टूबर से मौलाना आजाद स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। लीजेंड लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने कहा कि हमें जम्मू-कश्मीर खेल परिषद से अनुमति मिल गई है और स्टेडियम में काम जोरों पर चल रहा है। हम जम्मू शहर में तय कार्यक्रम के अनुसार मैच शुरू होने को लेकर उत्साहित हैं। रहेजा ने कहा कि तय कार्यक्रम के अनुसार तीन अक्टूबर को मणिपाल टाइगर्स और टॉयम हैदराबाद के बीच शाम सात बजे मुकाबला खेला जाएगा। चार अक्टूबर को इंडिया कैपिटल्स का मुकाबला कोणार्क सूर्यास ओडिशा के साथ अपराह्न तीन बजे से शुरु होगा। मणिपाल टाइगर्स बनाम गुजरात ग्रेट्स के बीच पांच अक्टूटर को अपराह्न तीन मैच खेला जायेगा। टॉयम हैदराबाद बनाम सदर्न सुपरस्टार्स के बीच छह अक्टूबर को, कोणार्क सूर्यास ओडिशा बनाम टॉयम के बीच मैच सात अक्टॅबर को और इंडिया कैपिटल्स बनाम गुजरात ग्रेट्स के बीच मुकाबला होगा। एक अधिकारी ने कहा कि लीग ने जम्मू चरण की शुरुआत के लिए सभी प्रोटोकॉल और जरुरी आवश्यकताओं का पूरा पालन किया है। 22 सितंबर से टिकट की बिक्री शुरु हो चुकी और इसको लेकर काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और लीजेंड्स लीग क्रिकेट जम्मू और श्रीनगर में भी क्रिकेट मैच आयोजित करने की उम्मीद कर रहा है।

## भारत के पिस्टल और राइफल निशानेबाजों ने जीते कांस्य पदक

● लीमा,

**भारत** की गौतमी भनोट और अजय मलिक की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम तथा लक्षिता और प्रमोद की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 में कांस्य पदक जीते।

पेरू की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में प्रतिस्पर्धा करते हुए गौतमी और अजय ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच में क्रोएशिया के अनामरिजा तुर्क और डार्को टोमासेविक को 17-9 से हराया। वहीं, गौतमी भनोट (315.2) और अजय मलिक (313.7) ने 628.9 का कुल स्कोर बनाकर 34 टीमों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया। चीन ने फाइनल में फ्रांस पर 17-15 की मामूली जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। लक्षिता और प्रमोद ने साथी भारतीय कनिष्का डागर और मुकेश नेलवल्ली को 16-8 से हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। क्वालिफिकेशन राउंड में, लक्षिता (287) और प्रमोद (288) ने 575 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। कनिष्का डागर



(289) और मुकेश नेलवल्ली (284) से आगे रहे, जिन्होंने 573 का स्कोर करते हुए 37 टीमों के बीच चौथा स्थान हासिल किया। जर्मनी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम फाइनल में यूक्रेन को 17-9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इन दो पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक ने भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई है। दो स्वर्ण और तीन कांस्य शामिल हैं। भारत तालिका में शीर्ष पर है और उसके बाद चीनी ताइपे और रोमानिया हैं, जिनमें से प्रत्येक ने एक स्वर्ण और एक रजत जीता है।

## ऑस्ट्रेलिया ने जीती वनडे सीरीज

### वर्षा बाधित मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 49 रन से हराया

**ब्रिस्टल, वार्ता** : ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें एकदिवसीय वर्षा बाधित मुकाबले में इंग्लैंड पर डकवर्थ-लुईस पद्धति के आधार पर 49 रनों से जीत दर्ज की है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज भी 3-2 से जीत ली हैं।

देर रात खेले इस मुकाबले में 28 रन देकर चार विकेट लेने वाले ट्रैविस हेड को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं सीरीज में छह विकेट और 248 रन बनाने पर ट्रैविस हेड मैन ऑफ द सीरीज भी रहे। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। फिल सॉल्ट 27 गेंदों में (45) रन बनाये। बेन डकेट ने 91 गेंदों में 13 चौके और दो छक्के लगाते हुए (107) रनों की



शतकीय पारी खेली। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखा और लगातार तीसरे मैच में बेहतरीन पारी खेलते हुए 52 गेंदों में सात छक्के और तीन चौकों की मदद से (72) रन बनाये। इन तीनों ने मिलकर इंग्लैंड को 25 ओवर में ही 202 रन तक पहुंचा दिया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। जेकब बेथेल (13), आदिल राशिद (36), जेमी स्मिथ (6), लियम लिविंगस्टन (00), मैथ्यू पॉट्स (6)रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड को 49.2 ओवर में 309 के स्कोर पर रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रैविस हेड ने चार विकेट लिए। ऐरन हार्डी, ऐडम जम्पा और ग्लेन मैक्सवेल ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी शुरू होने के साथ ही बारिश के आने की संभावना थी। इसको देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी की, ताकि डकवर्थ-लुइस नियम से फैसले का फायदा लिया जा सके। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। शॉर्ट और हेड ने 7.1 ओवर में 78 रन जोड़े। हेड 31 और शॉर्ट 58 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद स्टीव स्मिथ और जॉश इंग्लिस ने कोई और विकेट नहीं गिरने दिया और 21वें ओवर तक टीम को 165 रन तक पहुंचा दिया। 21वें ओवर में बारिश शुरु होने के कारण मैच रोका गया।

## यूपी में पदक विजेताओं का होगा सम्मान

### 22.70 करोड़ रुपये की पुरस्कार सम्मान राशि सभी खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री देंगे

● लखनऊ, ब्यूरो

**पेरिस** ओलंपिक में भाग लेने वाले उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का मंगलवार को सम्मान किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'सम्मान' कार्यक्रम में 14 ओलंपियंस व पैरालंपिक एथलीट्स को सम्मानित किया जाएगा। इनमें कुल सात मेडलिस्ट ओलंपियन व पैरालंपियंस तथा खेलों के वैश्विक महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के सात खिलाड़ियों व पैरालंपियंस को भी सम्मानित किया जाएगा। कुल 22.70 करोड़ रुपये की पुरस्कार सम्मान राशि इन सभी खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों वितरित की जाएगी। इस सम्मान समारोह के जरिए जहां एक ओर वैश्विक पटल पर देश व दुनिया का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की प्रशस्ति होगी, वहीं युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सम्मानित होने वाले मेडलिस्ट्स में प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल प्रमुख हैं। पेरिस



पैरालंपिक गेम्स में के टी 64 इवेंट में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल जीतने वाले प्रवीण कुमार को छह करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। वहीं, पेरिस पैरालंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाले सुहास एल वाई और अजीत सिंह को 4-4 करोड़ रुपए, प्रीति पाल को दो कांस्य पदक जीतने पर चार करोड़ रुपये तथा सिमरन को कांस्य पदक जीतने पर एक करोड़ रुपये की धनराशि दी जाएगी। इसी प्रकार, पेरिस ओलंपिक गेम्स में ब्रांज मेडलिस्ट रही भारतीय हॉकी टीम में शामिल ललित उपाध्यक्ष व राजकुमार पाल को एक-एक करोड़ रुपये की धनराशि पुरस्कार राशि के तौर पर वितरित की जाएगी। इसी प्रकार, पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स में प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए पारुल चौधरी, अनु रानी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी, साक्षी कसाना, दीपेश कुमार तथा यश कुमार को 10-10 लाख रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। इन सभी खिलाड़ियों के साथ संवाद कर सीएम योगी इनकी प्रेरक कहानियों को भावी खिलाड़ियों के सामने रखकर उनको प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

## सीआईएसएफ और रॉयल रेंजर्स की शानदार जीत

**नई दिल्ली, वार्ता** : तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग में सोमवार को भारण्यु बंसल, डेविड मोल्टा और निखिल गहलोत के गोलों की बदौलत रॉयल रेंजर्स ने हिंदुस्तान एफसी को 3-0 से हरा कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में सीआईएसएफ ने वायुसेना को 4-2 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। सीआईएसएफ के लिए मैन ऑफ द मैच शक्ति नाथ ने दो गोल जड़े। थंगमिनलीन और हाओकिप ने एक-एक गोल बांटे। यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए शुरुआती मैच में पहली प्रीमियर लीग की विजेता वाटिका एफसी को हैरान करने वाली हिंदुस्तान एफसी के लिए आज का दिन बेहद खराब रहा। गनीमत यह रही कि रॉयल रेंजर्स गोलों की संख्या बढ़ा नहीं पाई। अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों की गलत निशानेबाजी के चलते विजेता टीम के फारवर्ड छह मौकों पर चूक गए। वरना हार का अंतर बहुत बड़ा हो सकता था। भारण्यु बंसल को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)